वर्ष : 33 ▸ अंक : 256 ▸ पृष्ठ : 8 ▸ मुंबई, सोमवार, 2 दिसंबर 2024 ▸ RNI: MAHHIN/49994/91 ▸ मूल्य : 3 रुपए ▸ epaper.dobajedopahar.com ▸ संपादक : अरुण लाल

DBD
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

महायुति सरकार

मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित

# दो बजे दोपहर




# तारीख पर तारीख

## महाराष्ट्र में शपथग्रहण की तारीख घोषित, मुख्यमंत्री पर सस्पेंस बरकरार

- बीजेपी विधायकों की मीटिंग टली, अब 3 या फिर 4 दिसंबर को हो सकती है नवनिर्वाचित विधायकों की पहली बैठक
- सीएम पर विधायकों की मीटिंग में ही खत्म होगा सस्पेंस

**अमित बृज | मुंबई**

महाराष्ट्र में महायुति सरकार के शपथ ग्रहण की तारीख और समय हो चुका है। अब सभी की नजरें बीजेपी विधायक दल की बैठक पर लगी हैं। बीजेपी विधायकों की बैठक में नेता का चुनाव होगा। संभावना जताई जा रही है कि केंद्रीय पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में होने वाली इस बैठक में बाद सीएम के चेहरे से सस्पेंस खत्म हो जाएगा। बीजेपी के नवनिर्वाचित विधायकों की पहली बैठक 3 या फिर 4 दिसंबर को हो सकती है। पहले इस बैठक में 1 दिसंबर और फिर दो दिसंबर के होने की जानकारी सामने आई थी। बीजेपी के वरिष्ठ नेता के हवाले से सामने आई जानकारी में कहा गया है कि यह बैठक तीन या चार दिसंबर को होगी।




### महायुति सरकार में 50 :30 :20 का फॉर्मूला

बीजेपी के एक उच्च पदस्थ नेता ने बताया कि विधायक दल की बैठक 3 या 4 दिसंबर को होने की संभावना है। महायुति के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि महायुति के सहयोगी सामूहिक रूप से तय करेंगे कि 5 दिसंबर का समारोह मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्रियों के शपथ ग्रहण तक सीमित रहेगा या इसमें मंत्रियों का शपथ ग्रहण भी शामिल होगा? महायुति सरकार में 50 :30 :20 का फॉर्मूला रहने की उम्मीद की जा रही है।

### सीएम शिंदे पहुंचे मुंबई

राज्य के कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे सतारा से ठाणे लौटने के बाद मुंबई पहुंच चुके हैं। एकनाथ शिंदे के मुंबई लौटने के बाद सरकार के गठन की प्रक्रिया आगे बढ़ने की उम्मीद की जा रही है। इसी के साथ शिवसेना से कौन डिप्टी सीएम बनेगा और कौन से विधायक मंत्री बन सकते हैं? इसको लेकर तस्वीर साफ हो सकती है। शिंदे तबीयत खराब होने पर अपने गृह जनपद सतारा चले गए थे। वह रविवार दोपहर बाद ही पहले ठाणे और फिर शाम को मुंबई पहुंचे।

### सीएम के चेहरे पर 'पतंगबाजी'

राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि बीजेपी के केंद्रीय नेतृत्व के सामने दो स्थितियां हैं? पहली स्थिति है कि पार्टी इमोशनल फैसला या फिर राजनीतिक फैसला ले। अब देखना है कि बीजेपी के विधायकों की बैठक में किसे नेता चुना जाता है? लेकिन इस सब के बीच महाराष्ट्र में 'पतंगबाजी' जारी है। देवेंद्र फडणवीस को जहां स्वाभाविक दावेदार के तौर पर देखा जा रहा है तो वहीं बीजेपी के दूसरे नेताओं के सीएम की दौड़ में होने की चर्चाएं सोशल मीडिया पर खूब सामने आ रही हैं। बीजेपी में देवेंद्र फडणवीस जहां स्वाभाविक दावेदार हैं तो वहीं अभी सीएम के लिए मुरलीधर मोहोल, रवींद्र चव्हाण, चंद्रशेखर बावनकुले, चंद्रकांत पाटिल के नाम सामने आ चुके हैं। मुख्यमंत्री के चेहरे को तय करने में हुई देरी से नए-नए नाम उछल रहे हैं। राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि क्या बीजेपी प्रचंड जीत के बाद प्रयोग करेगी या फिर इस जीत में अहम भूमिका रखने वाले देवेंद्र फडणवीस को मौका देगी। महायुति सरकार में सीएम बीजेपी का होगा। यह कई दिन पहले साफ हो चुका है।

**एकनाथ शिंदे की गुगली**

## अमित शाह के साथ एक और बैठक करने के बाद खोलेंगे अपने पत्ते : शिंदे

**मुंबई।** मुख्यमंत्री पद हाथ से जाने के बाद कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बीजेपी से गृह- राजस्व, एक उप मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष सहित करीब दर्जनभर मंत्री पदों एवं कुछ महामंडलों की मांग की है। इस बारे में शिंदे ने रविवार को अपना पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि किसी किंतु-परंतु के बीजेपी के निर्णय को वह पूरा समर्थन देंगे, लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के साथ उनकी एक बैठक हो चुकी है लेकिन वह एक और बैठक करनेवाले हैं उसके बाद वह अपनी पार्टी का रुख स्पष्ट करेंगें।

### अपनी सरकार की योजनाओं का किया बखान

रविवार को उन्होंने वहीं पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि मैंने हमेशा कहा कि जनता हमें काम का इनाम देगी। उन्होंने कहा कि महाविकास आघाड़ी ने ढाई साल के कार्यकाल में सब काम रोक दिए थे लेकिन हमने इसे तेजी से आगे बढ़ाया। विकास और कल्याणकारी योजनाओं पर नजर डालें तो हम लाडली बहन योजना, बालिका शिक्षा योजना, किसान योजना जैसी कई योजनाएं लाए हैं। हम ऐसी योजनाएं लेकर आए जो इतिहास में कभी नहीं देखी गईं। ये योजनाएं महाराष्ट्र के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में लिखी जाएंगी। उन्होंने आगे कहा कि, हमारी सरकार आम लोगों की सरकार थी, मैंने एक कॉमन मैन की तरह जनता का काम किया इसलिए लोगों को लगता है कि मुझे दोबारा मुख्यमंत्री बनाया जाना चाहिए।



### गांव जाने की बात पर विपक्ष पर साधा निशान

उन्होंने पत्रकारों से कहा कि मेरी केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के साथ एक बैठक हो चुकी है और अब जल्द ही हम एक और बैठक करेंगे और उसके बाद निर्णय लेंगे लेकिन बीजेपी के निर्णय को हमारा पूरा समर्थन है। इस दौरान उन्होंने विपक्ष पर हमला भी बोला और कहा कि क्या ऐसा कोई नियम है कि सरकार बनने के दौरान गांव नहीं जा सकते हैं? उन्होंने आगे कहा कि मैं भी एक सामान्य परिवार से हूं और इसलिए मैं अक्सर अपने गांव आता रहता हूं, यहां आकर मुझे खुशी मिलती। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान उन्होंने ढेरों दौरे और प्रचार सभाएं की थी इसलिए वे आराम करने के लिए गांव आ गए थे।

## संसद में इस सप्ताह भी हंगामे के आसार

- अदाणी, मणिपुर, संभल और दूसरे मुद्दे उठाएगा विपक्ष
- कांग्रेस का आरोप, सरकार नहीं चाहती है कि संसद चले

**एजेंसी | नई दिल्ली**

संसद के शीतकालीन सत्र के दूसरे सप्ताह की शुरुआत में भी हंगामे के आसार हैं। विपक्ष अदाणी मुद्दे पर चर्चा की मांग पर अड़ा है। इसके साथ विपक्षी दल संभल हिंसा और कई दूसरे मुद्दे भी उठा रहे हैं। ऐसे में, सोमवार को भी संसद के दोनों सदनों में हंगामा होने की संभावना है। शीतकालीन सत्र के पहले सप्ताह में भी हंगामे की वजह से कोई कामकाज नहीं हुआ।



### कांग्रेस ने केंद्र सरकार को जिम्मेदार ठहराया

कांग्रेस ने संसद में गतिरोध और चर्चा न हो पाने के लिए केंद्र सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने आरोप लगाया है कि सरकार नहीं चाहती है कि संसद चले। जबकि विपक्ष चाहता है कि संसद में अदाणी मुद्दे, मणिपुर में जारी हिंसा, संभल घटना पर चर्चा हो, पर सरकार बार-बार संसद की कार्यवाही को स्थगित कराने में सहयोग कर रही है। उन्होंने कहा कि ऐसा पहली बार है कि कोई मुद्दा उठाते हैं तो संसद स्थगित हो जाती है। कांग्रेस सरकार पर अदाणी मुद्दे, मणिपुर हिंसा और संभल घटना पर चर्चा नहीं कराना चाहती है। पार्टी ने सवाल किया है कि आखिर सरकार इन मुद्दों से क्यों भाग रही है?

## कुर्ला की चाल में होटल और लॉज

### मुंबई मनपा के विधि विभाग पर बिफरा मानवाधिकार आयोग

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

कुर्ला के अवैध होटल और लॉज के मामले में मुंबई मनपा प्रशासन के साथ-साथ विधि विभाग की लापरवाही देखी जा रही है। यही वजह है कि इस मामले में विधि व कानून विभाग द्वारा पेश की गई रिपोर्ट पर आयोग ने नाराजगी जाहिर करते हुए इसकी कड़ी निंदा है। अब इस मामले की अगली सुनवाई 31 जनवरी को होगी।



### राज्य मानवाधिकार आयोग ने स्वयं संज्ञान लिया


राज्य मानवाधिकार आयो ने स्वयं संज्ञान लेते हुए मनपा प्रशासन, पुलिस प्रशासन, दमकल विभाग और शहरी विकास विभाग को नोटिस जारी किया था। इसकी पहली सुनवाई इस साल 4 जनवरी को हुई थी और अभी तक इस मामले पर सुनवाई जारी है। हर सुनवाई में नए-नए खुलासों के साथ ही मनपा की लापरवाही भी उजागर हुई है। अब बीते दिनों हुई सुनवाई में मनपा के विधि विभाग की भी लापरवाही सामने आई है। इसी लापरवाही की आयोग के चेयरपर्सन जस्टिस के.के. तातेड़ और सदस्य एम.ए. सैय्यद ने कड़ी निंदा की है।

## शरद पवार गुट ने जितेंद्र को बनाया विधायक दल का नेता

**मुंबई।** विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद शरद पवार का गुट आगे की तैयारी में जुट गया है। विधानसभा चुनाव के बाद राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) ने विधायकों की बैठक बुलाई थी। इस बैठक में पार्टी की ओर से अहम फैसले लिए गए हैं। एनसीपी (एसपी) के विधायक जितेंद्र आव्हाड को विधायक दल को नेता चुना गया है। वहीं रोहित पवार को चीफ व्हिप तो उत्तम जानकार को सचेतक नियुक्त किया गया है। इन तीनों नेताओं को जिम्मेदारी सौंपने की जानकारी जयंत पाटिल ने दी। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) की बैठक के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस की गई। इस मौके पर जयंत पाटिल ने कहा कि आज विधायक दल के नेता का चुनाव नहीं हुआ है। संदीप क्षीरसागर आज उपस्थित नहीं थे। हालांकि हमारी संख्या कम है, हम लोगों की चिंताओं को उठाएंगे।

## इसरो 4 दिसंबर को प्रोबा-3 मिशन करेगा लॉन्च

**एजेंसी | बेंगलुरु**



भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी (इसरो) प्रोबा-3 मिशन को लॉन्च करने के लिए तैयार है। रविवार को इसरो ने कहा कि यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) का प्रोबा-3 मिशन चार दिसंबर को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा अंतरिक्षयान से उड़ान भरेगा। अंतरिक्ष एजेंसी इस मिशन को सबसे भरोसेमंद ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (पीएसएलवी) से लॉन्च करेगा। यह मिशन इसरो की वाणिज्यिक शाखा न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (एनएसआईएल) के सहयोग से हो रहा है।

### पीएसएलवी से बुधवार शाम साढ़े चार बजे होगा प्रक्षेपित

इसरो ने एक्स पर पोस्ट में कहा, यह मिशन ईएसए के प्रोबा-3 उपग्रहों (550 किग्रा) को एक अण्डाकार कक्षा में स्थापित करेगा। यह कक्षीय डिलीवरी के लिए पीएसएलवी की विश्वसनीयता को मजबूत करेगा। इसरो के मुताबिक सैटेलाइट बुधवार शाम 4 .08 बजे उड़ान भरेगा।

### प्रोबा-3 सौर कोरोना का करेगा अध्ययन

ईएसए ने कहा कि प्रोबा-3 दुनिया का पहला सटीक निर्माण उड़ान मिशन है। यह सूर्य के वायुमंडल की सबसे बाहरी और सबसे गर्म परत, सौर कोरोना का अध्ययन करेगा।

**धोखाधड़ी** › मनी लॉन्ड्रिंग में पूछताछ के लिए होटल बुक कराया, 1.7 लाख वसूले

## मुंबई में 26 साल की महिला डिजिटल अरेस्ट

**मुनीब चौरसिया | मुंबई**

मुंबई में एक 26 साल की महिला को डिजिटल अरेस्ट कर वीडियो कॉल पर उसके कपड़े उतरवाए गए। ठगों ने फार्मास्यूटिकल कंपनी में काम करने वाली महिला के सामने खुद को दिल्ली पुलिस का अफसर बताया। आरोपियों ने महिला से कहा कि उसका नाम जेट एयरवेज के फाउंडर-चेयरमैन नरेश गोयल से जुड़े एक मनी लॉन्ड्रिंग केस में आया है। गोयल अभी जेल में है। इसके बाद ठगों ने महिला से 1.7 लाख रुपए की वसूली की।

### पूछताछ के लिए होटल रूम बुक कराया

मुंबई में रहने वाली एक 26 साल की महिला को ठगों ने 19 नवंबर को कॉल करके बताया कि उसका नाम मनी लॉन्ड्रिंग केस में आया है। महिला को अपनी बात पर यकीन दिलाकर ठगों ने वॉयस कॉल को वीडियो कॉल पर शिफ्ट किया। इसके बाद आगे की पूछताछ के लिए महिला से होटल रूम में चेक इन करने को कहा।

### बैंक अकाउंट वेरीफाई करने 1.7 लाख ट्रांसफर कराए



होटल में चेक इन के बाद ठगों ने वीडियो कॉल पर ही महिला की बैंक डिटैल वेरीफाई करने के लिए 1 लाख 78 हजार रुपए ट्रांसफर करने को कहा। इसके बाद बॉडी वेरिफिकेशन के लिए ठगों ने महिला से उसके कपड़े भी उतरवाए। जब महिला को इस बात का अहसास हुआ कि उसे ठगा गया है तो उसने 28 नवंबर को पुलिस में मामले की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### नरेश गोयल के नाम पर पहले भी ठगी

इससे पहले नरेश गोयल के नाम पर टेक्सटाइल कंपनी वर्धमान के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री पॉल ओसवाल को भी ठगों ने डिजिटली अरेस्ट किया था। उनसे 7 करोड़ रुपए ठगे गए थे। इस मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया था। उनके पास से 5 .25 करोड़ रुपए भी वसूले गए। पुलिस ने गैंग के सात और लोगों की पहचान की थी।

### इन्फो : डिजिटल अरेस्ट क्या है?

डिजिटल अरेस्ट वीडियो कॉल पर की जाने वाली ब्लैकमेलिंग है, जिसमें पुलिस या सरकारी विभाग का अधिकारी बनकर साइबर ठग लोगों को इमोशनली और मेंटली टॉर्चर करते हैं। साइबर ठग लोगों को यकीन दिलाते हैं कि उनके या उनके किसी परिजन के साथ कुछ बुरा हो चुका है या होने वाला है। चूंकि सामने बैठा शख्स पुलिस की वर्दी में होता है तो अधिकांश लोग डर जाते हैं। इसके बाद उनके जाल में फंसते चले जाते हैं।

## आई लव यू बोलकर 'बैड टच' करता था टीचर

### 16 छात्राओं ने की शिकायत

**डीबीडी संवाददाता | लातूर**

लातूर में जिला परिषद स्कूल के एक टीचर को नाबालिग छात्राओं का यौन उत्पीड़न और उनका पीछा करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी है। अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार को मामला दर्ज किया गया और अन्ना श्रीरंग नरसिंगे को एक दिन बाद गिरफ्तार कर लिया गया। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, एमआईडीसी पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि अन्ना श्रीरंग नरसिंगे हरंगुल (खुर्द) में जिला परिषद स्कूल पढ़ाता था। पद से हटाए जाने से पहले वह पूर्व प्रभारी प्रधानाध्यापक था। अधिकारी ने बताया, उस पर छात्राओं को अनुचित तरीके से छूने और उन्हें आई लव यू आदि कहने का आरोप है।



### 16 छात्राओं से पैर-हाथ मालिश करवाए


उसने कथित तौर पर 16 लड़कियों से अपने पैर-हाथ मालिश करवाए। ये घटनाएं 2021 से हो रही हैं। आरोपी टीचर ने यह भी धमकी दी कि अगर उन्होंने किसी को अपनी आपबीती बताई तो वह परीक्षा में नंबर नहीं देगा। फिर भी छात्राओं ने निडर होकर शिकायत की। लड़कियों द्वारा अधिकारियों से शिकायत करने के बाद जिला परिषद ने जांच शुरू की।

### कई धाराओं में FIR दर्ज

अधिकारी ने बताया कि ब्लॉक शिक्षा अधिकारी निवृत्ति जाधव की शिकायत पर उनके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 75(2), 75(3), 78(2), 79 और लैंगिक अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत यौन उत्पीड़न, यौन उत्पीड़न, पीछा करने और अन्य अपराधों के आरोप लगाए गए हैं। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# एमवीए को चुनाव नतीजों पर संदेह

## 3 हारे हुए उम्मीदवारों ने की पुनर्मतगणना की मांग, भरा शुल्क



**डीबीडी संवाददाता | मुंबई/जलगांव**

हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनावों में महायुति गठबंधन ने अभूतपूर्व सफलता हासिल की लेकिन अब महाविकास अघाड़ी के उम्मीदवारों ने इस जीत पर संदेह जताया है। जिले में महाविकास अघाड़ी के 3 पराजित उम्मीदवारों ने पुनर्मतगणना की मांग की है और इसके लिए आवश्यक शुल्क भी अदा किया है। विधानसभा चुनाव में जलगांव जिले में महायुति गठबंधन ने सभी 11 सीटें जीत लीं, जिसके कारण स्थानीय महाविकास अघाड़ी के नेताओं में अब इसे लेकर संदेह होने लगा है। जिले में मुक्ताईनगर विधानसभा क्षेत्र में शिंदे गुट के चंद्रकांत पाटिल ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के शरद पवार गुट की एडवोकेट रोहिणी खडसे को हराया। खडसे ने अब चुनाव परिणामों पर आपत्ति जताई है और 16 मतदान केंद्रों से वोटिंग मशीनों और वीवीपैट पर्चियों की गहन जांच की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने जलगांव जिला कलेक्टर के कार्यालय में चुनाव शाखा में अपना अनुरोध पत्र प्रस्तुत किया है और साथ इस प्रक्रिया के लिए लगने वाली 7.55 लाख रुपये की आवश्यक सरकारी फीस का भुगतान भी कर दिया है।

### सोशल मीडिया पोस्ट से हुआ संदेह

महाविकास अघाड़ी की पराजित उम्मीदवार रोहिणी खडसे ने अपने प्रतिद्वंद्वी द्वारा सोशल मीडिया पर वायरल एक पोस्ट का हवाला देते हुए चुनाव परिणामों पर संदेह व्यक्त किया है। इस पोस्ट में प्रत्येक बूथ के लिए अपेक्षित वोटों की संख्या सूचीबद्ध थी। खडसे के अनुसार, उनके प्रतिद्वंद्वी को प्राप्त वास्तविक वोट उनकी सोशल मीडिया पोस्ट की अनुमानित संख्याओं से मेल खाते थे, जिससे चुनाव की ईमानदारी पर संदेह पैदा होता है।

### मतदान प्रक्रिया पर जताया संदेह

खडसे के अलावा एरंडोल विधानसभा क्षेत्र में शरद पवार गुट के पराजित उम्मीदवार डॉ. सतीश पाटिल ने भी 4 से 5 बूथों पर वोटों की पुनर्मतगणना की मांग की है। उन्होंने भी इस प्रक्रिया के लिए 45 हजार रुपये की आवश्यक फीस का भुगतान किया है। पाटिल ने सवाल उठाते हुए कहा कि एरंडोल उनकी पार्टी का गढ़ रहा है, और ऐसे में उन्हें संदेह है कि वे अपने ही गांव में कैसे हार गए ? उन्होंने मतदान प्रक्रिया पर संदेह व्यक्त किया है।

### वैशाली सूर्यवंशी ने भी की पुनर्मतगणना की मांग

पाचोरा विधानसभा क्षेत्र में ठाकरे गुट की वैशाली सूर्यवंशी और शिंदे गुट के किशोर पाटिल के बीच भी कड़ी टक्कर की उम्मीद थी लेकिन किशोर पाटिल ने वैशाली सूर्यवंशी को हराकर महत्वपूर्ण अंतर से जीत हासिल की। नतीजतन, सूर्यवंशी ने भी चुनाव परिणामों पर आपत्ति जताई है और पुनर्मतगणना के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी के पास आवेदन दायर किया है।

# नाना पटोले को आरएसएस का एजेंट बताना बंटी शेलके को पड़ा महंगा

## कांग्रेस ने भेजा कारण बताओ नोटिस

**डीबीडी संवाददाता | नागपुर**



नागपुर मध्य विधानसभा चुनाव से कांग्रेस के उम्मीदवार ह्रषिकेश उर्फ बंटी बाबा शेलके की महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 में हार हुई है। उनकी इस हार के बाद बंटी शेलके ने हार का गुस्सा महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले पर जमकर आरोप लगाए है। इतना ही नहीं उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का एजेंट तक घोषित कर दिया है। बंटी शेलके की इस हरकत का उन्हें जल्द ही परिणाम भी देखने को मिला है, क्योंकि महाराष्ट्र की कांग्रेस पार्टी ने उनके खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया है। पार्टी ने बंटी शेलके से लिखित में स्पष्टीकरण मांगा है और इसके लिए दो दिन का समय दिया है। पार्टी ने कांग्रेस और नाना पटोले को बदनाम करने के लिए उन्हें निलंबित करने की भी बात की है।

### नागपुर-मध्य सीट पर हुआ विवाद

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में नागपुर मध्य विधानसभा सीट पर बंटी शेलके को बीजेपी के उम्मीदवार प्रवीण दटके ने हराया था। इस हार पर चर्चा करने के लिए पार्टी ने 28 नवंबर को मुंबई में एक बैठक बुलाई थी, जिसमें बंटी शेलके ने नाना पटोले पर निशाना साधा था और उन्हे कोसा था। बैठक में नाना पटोले की मौजुदगी में अपनी हार के लिए बंटी शेलके ने नाना पटोले को जिम्मेदार ठहराया था।

### बंटी शेलके का बयान

मीडिया से बात करते हुए बंटी शेलके ने कहा कि नाना पटोले को कांग्रेस से निकालकर आरएसएस में भेज देना चाहिए। उन्होंने कहा कि नाना के काम आरएसएस के एजेंडे के अनुरूप हैं। साथ ही पूर्व नगरसेवक ने नाना पटोले पर उनके जीत के अभियान को कमजोर करने का भी आरोप लगाया। साथ ही ये भी कह दिया कि उनका विरोध करने वालों को ही ब्लॉक अध्यक्ष बनाया गया।

# अंग्रेजी नहीं पढ़ पाया नाबालिग छात्र तो शिक्षिका ने स्केल से कर दी पिटाई

**डीबीडी संवाददाता | अंबरनाथ**

महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक निजी स्कूल की शिक्षिका पर सात वर्षीय छात्र की कथित तौर पर पिटाई करने को लेकर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि शिक्षिका ने केवल इस बात पर बच्चे की पिटाई कर दी क्योंकि वह कक्षा में अंग्रेजी भाषा का कोई शब्द ठीक से पढ़ नहीं पाया। यह घटना 28 नवंबर की है, जो ठाणे के अंबरनाथ इलाके के एक निजी स्कूल में हुई। शिक्षिका के खिलाफ पुलिस में दर्ज शिकायत में यह नहीं बताया गया है कि छात्र किस कक्षा में पढ़ता है, हालांकि उसकी उम्र सात साल बताई गई है। घटना को लेकर अंबरनाथ पश्चिम थाने के एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि

### मामला हुआ दर्ज



क्लास में बच्चा अंग्रेजी ठीक से नहीं पढ़ पाया, जिसके बाद शिक्षिका को गुस्सा आ गया। गुस्साई शिक्षिका ने इस बात पर कथित तौर पर 'स्केल' से बच्चे की पिटाई कर दी, जिससे बच्चे के पैर और पीठ पर चोट आई है।

### बच्चे की मां की शिकायत पर FIR दर्ज

स्कूल खत्म होने के बाद बच्चे ने घर जाकर अपनी मां को इस बारे में बताया, जिसके बाद बच्चे के परिजनों ने पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने शुक्रवार को बच्चे की मां की शिकायत के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 118(1) (जानबूझकर खतरनाक हथियारों या साधनों से चोट पहुंचाना या गंभीर चोट पहुंचाना) के तहत शिक्षिका के खिलाफ FIR दर्ज की है। पुलिस ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। फिलहाल इस मामले में शिक्षिका और स्कूल प्रशासन की ओर से कोई बयान सामने नहीं आया है।

# कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में भाजपा में शामिल



**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**

शहर स्थित कलवा पूर्व घोलाई नगर परिसर के कांग्रेस सामाजिक न्याय ठाणे शहर अध्यक्ष जगदीश गौरी व असंघटित कामगार ठाणे शहर सचिव दिनेश शिलकर ने अपने समर्थकों के साथ में भाजपा में किया प्रवेश। इसके पहले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मनोज शिंदे ने एकनाथ शिंदे सेना का दामन थामा था।आज सुबह 11 बजे बड़ी संख्या में अपने समर्थकों के साथ में वर्तक नगर स्थित भाजपा कार्यालय पर भाजपा कामगार मोर्चा महाराष्ट्र प्रदेश सचिव प्रशांत तलवडेकर व भाजपा ठाणे शहर अध्यक्ष संजय वाघुले के मौजुदगी में सामाजिक न्याय विभाग ठाणे शहर सचिव संदीप सूर्यवंशी, सुशांत धुलप, वार्ड अध्यक्ष संतोष झिमल, कांग्रेस कार्यकर्ता भरत पाटील, मंगेश तलेगावकर, विजय कासार, पुजारी यादव, रवी आर्मी, नितेश सूर्यवंशी महेश सूर्यवंशी व महिला कार्यकर्ता शामिल हुई।इस अवसर पर ठाणे महासचिव मनोहर सुगदरे, मंडल अध्यक्ष सुदर्शन सालवी कार्यकारणी सदस्य अरविंद कलवार, प्रभाग सदस्य गजानन परब, भाजप कामगार मोर्चा सचिव प्रशांत तलवडेकर, उत्तर भारती मोर्चा ठाणे जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत यादव, दिव्यांग सेल सचिव आमिन मिश्रा, महाराष्ट्र प्रदेश कार्यकारणी सदस्य हर्षला ताई बुबेरा, कलवा मंडला अध्यक्ष भूषण म्हात्रे, कलवा मंडल अध्यक्ष अनुसूचित जाती मोर्चा नरेश गायकवाड उपस्थित थे।

# पुणे मंडल में राजभाषा समारोह का आयोजन




**डीबीडी संवाददाता | पुणे**

मंडल रेल प्रबंधक, पुणे इन्दू दुबे तथा अपर मंडल रेल प्रबंधक एवं अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी, बी. के. सिंह के मार्गदर्शन में दिनांक 30.11.2024 को सातारा स्टेशन पर स्टेशन राजभाषा कार्यान्वयन समिति द्वारा समिति के अध्यक्ष एवं स्टेशन प्रबंधक सातारा राजकुमार सालवे की अध्यक्षता में राजभाषा समारोह का आयोजन किया गया, इस अवसर पर हिंदी कवि सम्मेलन, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं रेल कर्मचारियों के बच्चों के लिए हिंदी निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया।

इस समारोह को सफल बनाने में स्टेशन राजभाषा कार्यान्वयन समिति, सातारा की सचिव जे. जगताप, राजेश मानकर एवं समिति के अन्य सदस्यों ने विशेष सहयोग दिया। कार्यक्रम का सूत्र संचालन श्याम ढोके ने किया।

# एमएनएस नेता अविनाश जाधव ने दिया इस्तीफा

## विधानसभा चुनाव में मिली हार के बाद लिया फैसला

**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**

महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के नेता अविनाश जाधव ने विधानसभा चुनावों में क्षेत्र में पार्टी की हार की जिम्मेदारी लेते हुए ठाणे और पालघर जिलों के प्रमुख पद से इस्तीफा दे दिया है। दरअसल,




अविनाश जाधव ठाणे विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के मौजूदा विधायक संजय केलकर से हार गए। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के नेता अविनाश जाधव ने कहा कि वह ठाणे और पालघर जिलों में चुनावों में मनसे की हार की जिम्मेदारी स्वीकार कर रहे हैं। बता दें कि महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) ने पूरे महाराष्ट्र में 125 उम्मीदवार उतारे थे, लेकिन एक भी सीट हासिल करने में असफल रही। महाराष्ट्र में हुए विधानसभा चुनाव में महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (MNS) को बड़ा झटका लगा है। इस चुनाव में 125 सीटों पर उम्मीदवार खड़ा करने वाली पार्टी का कोई भी प्रत्याशी विधानसभा नहीं पहुंचा है। इस कारण पार्टी के प्रमुख नेताओं में से एक अविनाश जाधव ने इस्तीफा की पेशकश की है। उन्होंने अपने क्षेत्रों में हार की जिम्मेदारी ली है और त्यागपत्र दे दिया।

# साइबर जालसाजों ने 10 लाख रुपये ठगे

**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**

ठाणे जिले के 33 वर्षीय व्यक्ति को धन शोधन मामले में फंसाने की धमकी देकर साइबर अपराधियों ने उससे 10.08 लाख रुपये ठग लिये। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है। पीड़ित को नवंबर में उसके व्हाट्सएप नंबर पर एक व्यक्ति का कॉल आया, जिसने खुद को डोनाल्ड बताया। इसके बाद, एक अन्य व्यक्ति ने पीड़ित को फोन करके दावा किया कि वह दिल्ली हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारी है।



एक अधिकारी ने बताया कि फर्जी सीमा शुल्क अधिकारी ने पीड़ित को बताया कि डोनाल्ड के पास भारत में प्रवेश करने के लिए आवश्यक दस्तावेज नहीं हैं और उसने धन शोधन का मामला दर्ज करने की धमकी दी। उन्होंने कहा, 'पीड़ित को जालसाजों द्वारा उपलब्ध कराए गए कई बैंक खातों में 10.08 लाख रुपये हस्तांतरित करने के लिए मजबूर किया गया।'

# डेढ़ साल में 1375 दोपहिया चालकों को प्रशिक्षण

**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**

आरटीओ ऑफिस में पक्का लाइसेंस के समय करने के लिए परीक्षा देते समय असफल हो जाते हैं। दोपहिया वाहन चलाने के नियमों के अनुसार सुरक्षित रूप से गाड़ी चलाने के परीक्षण में असफल होने वाले ड्राइवरों के लिए आरटीओ कार्यालय में एक दोपहिया सिम्युलेटर कक्ष बनाया गया है। यूनाइटेड व मुंबई एवियंस के माध्यम से पिछले डेढ़ साल में 1375 बाइक सवारों को सिम्युलेटर मशीनों पर बाइक चलाने का प्रशिक्षण दिया गया। अगस्त 2023 में आरटीओ कार्यालय में बाइक सिम्युलेटर कक्ष चालू किया गया। आरटीओ अधिकारी हेमांगिनी पाटिल के मार्गदर्शन में इस कक्ष में आने वाले बाइक सवारों को सिम्युलेटर मशीन के बारे में उचित जानकारी दी जा रही है। बाइक चलाते समय सिम्युलेटर आपको अपनी गलतियों को समझने में मदद करते हैं। दोपहिया वाहन चालक से यातायात नियमों के अनुसार वाहन चलाने की अपेक्षा की जाती है।सड़क संकेतों, चिह्नों, गति सीमा आदि का अध्ययन करना और टेस्ट ड्राइव परीक्षण लेना सबसे अच्छा है। लेकिन ड्राइविंग टेस्ट के दौरान गलतियां हो जाती हैं और ड्राइवर फेल हो जाता है। उप क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी रोहित काटकर ने बताया कि इससे बचने के लिए सिम्युलेटर मशीन एक अहम भूमिका है।



### बाइक की तरह हैं सिम्युलेटर मशीन पर सभी लेआउट

सिम्युलेटर मशीन पर सभी लेआउट बाइक की तरह हैं। कंप्यूटर स्क्रीन को देखकर ही वाहन चलाएं। इसमें एक्सीलेटर, गियर आदि होते हैं और सभी सड़कें, चौराहे, सिग्नल, घुमावदार मोड़, गड्ढे, बारिश, स्कूल, अस्पताल कोहरा आदि स्क्रीन पर दिखाए जाते हैं। कंप्यूटर में शहर,हाईवे, कम और अधिक भीड़-भाड़, अलग-अलग प्रकार का मौसम, अलग-अलग रोशनी, बारिश, कोहरा आदि स्थितियां बनाई जा सकती हैं, जिसके माध्यम से विभिन्न परिस्थितियों में ड्राइविंग अभ्यास या परीक्षण किया जा सकता है।

# बम विस्फोट की धमकी देने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज

**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**

नवी मुंबई पुलिस नियंत्रण कक्ष में फोन कर सिलसिलेवार बम विस्फोट की धमकी देने के आरोप में रविवार को एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आरोपी की पहचान क्रिस्टोफर एंथनी डायस (34) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि आरोपी ने सुबह लगभग पांच बजे पुलिस नियंत्रण कक्ष को जब फोन किया तब वह समय शराब के नशे में था। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने मोबाइल नंबर का कोपरखैराने इलाके से पता लगा लिया और कॉल करने वाले की पहचान कर ली। पुलिस ने निषेध अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता की धारा 217 के तहत प्राथमिकी दर्ज की। अधिकारी ने बताया कि अब तक इस सिलसिले में किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है।

# पुर्वेश सरनाईक के नेतृत्व में युवासेना कोर कमेटी की बैठक

**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**

युवासेना कोर कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक शहर स्थित आनंद आश्रम में हुई। शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे व सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे के मार्गदर्शन में युवासेना कार्याध्यक्ष पुर्वेश सरनाईक के नेतृत्व में पार्टी के विकास के विषय में चर्चा हुआ। इस बैठक में युवासेना कोर कमेटी के सभी सदस्य मौजूद थे। युवासेना की भविष्य में भूमिका क्या रहेगी और विविध विषयों पर चर्चा किया गया। युवासेना के विकास के लिए महत्वपूर्ण ठराव को इस बैठक में पारित किया गया और युवाओं को पार्टी से जोड़ने, महिलाओं के सशक्तीकरण पर गहन विचार हुआ। विद्यालय, विद्यापीठ के



युवासेना का विस्तार, राज्यस्तरीय खेल व सांस्कृतिक कार्यक्रम, सार्वजनिक संपर्क मुहिम, सामाजिक व पर्यावरण संरक्षण के विकास के लिए विशेष प्रयत्न का भी प्रस्ताव समाविष्ट था। गरीब बच्चों के शिक्षा के लिए युवासेना शैक्षणिक मदद कक्ष तैयार किया जायेगा।

# सरकारी राशन दुकानों को भाड़े पर देने का चलन

## नागरिकों को समय पर नहीं मिल पा रहा राशन

**डीबीडी संवाददाता | भिवंडी**

भिवंडी में इन दिनों सरकारी राशन की अधिकतर दुकानें भाड़े पर दी गई है। जिसके कारण नागरिकों को समय पर अनाज नहीं मिलने तथा नागरिक सरकारी राशन का पूरा लाभ उठाने से वंचित है। जिसके विरोध में नेताओं तथा आम नागरिकों ने अनेकों बार मोर्चा व धरना कर राशन कार्यालय में मौजूद अधिकारी से शिकायत कर चुके है। परंतु परिणाम आज तक सामने नहीं आया। ज्ञात हो कि शहर में ज्यादातर राशन दुकानें महिला बचत गट या अन्य संस्था द्वारा मंजूर कराया गया है। नियम अनुसार उक्त राशन दुकानों में दुकान के असल मालिकों का स्वयं बैठना तथा निर्धारित समय पर दुकानों के खुलने और बंद करने का प्रावधान है। जिसका अधिकांश दुकानदार पालन नहीं करते है, और अपनी मर्जी के मुताबिक दुकानों को खोलते व बंद करते है।

### सभी नियमों को ताक पर रख कर दुकान खुलने एवं बंद होने से नागरिक परेशान

नियमों का उल्लंघन करने वाले राशन दुकान का निरीक्षण करने तथा इनके खिलाफ कार्रवाई करने हेतु राशन कार्यालय में एरिया इंस्पेक्टर कार्यरत है। जो राशन दुकानें के विरुद्ध कार्रवाई करने को लेकर उदासीन बने हुए है। सूत्रों की माने तो राशन दुकान भाड़े पर लेने वाला व्यक्ति ज्यादा कमाई की लालच में गरीब मजदूर कार्ड धारकों के हक का अनाज गबन कर उसे ब्लैक के भाव से बिक्री कर देता है। जिनपर अंकुश लगाने में भिवंडी 37 फ़ कार्यालय नाकाम है। सूत्रों का आरोप है कि राशन विभाग में एरिया इंस्पेक्टर और राशन दुकानदारों की सांठगांठ इतनी अच्छी है कि शिकायत के बावजूद उक्त एरिया इंस्पेक्टर उक्त दुकानदार की गलती को बड़ी सफाई से छुपा लेते है। जिसके कारण शिकायतकर्ता बार बार राशन कार्यालय का चक्कर लगा कर थक जाता है।



### दुकानदारों के हौसले बुलंद

अधिकारियों के संरक्षण के कारण राशन दुकानदारों के हौसले बुलंद है। जो सरकारी राशन की आड़ में अनाज की कालाबाजारी कर माला माल हो रहे है। मजे की बात तो ये है कि शहर में कई राशन की दुकानें हफ्ते में दो या तीन दिन बंद रहती है। ऐसी ही एक दुकान न. 37फ़ 11 के मालिक से जब दुकान बंद रखने का कारण पूछा गया तो उक्त दुकानदार ने सभी नियमों को ताक पर रखते हुए कहा जन माल ही नहीं है तो दुकान खोलने का क्या फायदा है। अब देखना यह है कि क्या राशन विभाग के अधिकारी द्वारा ऐसे दुकानदारों के विरुद्ध कार्रवाई होगी या यह ऐसे ही मनमानी कर अनाज की कालाबाजारी करते रहेंगे!


# EVM की विश्वसनीयता पर सवाल उठाने पर शख्स के खिलाफ एक्शन

## मुंबई साइबर पुलिस ने दर्ज किया केस

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव परिणाम के बाद ईवीएम को लेकर फिर से सवाल खड़े किए जा रहे हैं। इस बीच मुंबई साइबर पुलिस ने EVM की विश्वसनीयता पर सवाल उठाने वाले एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मुंबई साइबर पुलिस ने यह मामला महाराष्ट्र मुख्य चुनाव आयुक्त की शिकायत पर दर्ज किया। जानकारी के मुताबिक, मुंबई साइबर पुलिस ने उस व्यक्ति के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया है, जिसने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट कर EVM को हैक करने का दावा किया था। चुनाव आयोग ने एक बार फिर दोहराया है कि ईवीएम से किसी भी तरीके से छेड़छाड़ नहीं की जा सकती है।

### ईवीएम किसी नेटवर्क से कनेक्ट नहीं हो सकती: चुनाव आयोग



चुनाव आयोग ने कहा, 'ईवीएम एक ऐसी मशीन है जो किसी नेटवर्क से कनेक्ट नहीं हो सकती। फिर चाहे वह वाई-फाई हो, मोबाइल नेटवर्क हो या फिर ब्लूटूथ ही क्यों न हो।" चुनाव आयोग ने कहा है कि ये कोई पहली बार नहीं है, इससे पहले भी जब कभी भी EVM पर सवाल उठे हैं, चुनाव आयोग यह साफ करता रहा है कि ईवीएम से किसी तरह की छेड़छाड़ नहीं हो सकती।

### 2019 में भी दर्ज हुआ था एक मामला

सुप्रीम कोर्ट में भी जब मामला पहुंचा तो सुप्रीम कोर्ट ने भी ईवीएम की निष्पक्षता पर मोहर लगाई है। इससे पहले साल 2019 के चुनाव के बाद भी विदेश में बैठे एक व्यक्ति ने जब ईवीएम को लेकर छेड़छाड़ के आरोप लगाए गए थे तो उस दौरान भी चुनाव आयोग ने पुलिस में शिकायत दी थी और मामला दर्ज हुआ था। महाराष्ट्र में हाल में हुए विधानसभा चुनाव में महायुति गठबंधन ने शानदार जीत के साथ सत्ता बरकरार रखने में कामयाब रही। चुनाव परिणाम 23 नवंबर को घोषित किए गए थे। राज्य की 288 सदस्यीय विधानसभा में बहुमत का आंकड़ा 145 है। महायुति को 230 सीटों पर जीत मिली।

# वीवीपैट पर्चियों की शत-प्रतिशत गिनती की जाए: पृथ्वीराज चव्हाण

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में हार के बाद विपक्ष लगातार ईवीएम में गड़बड़ी का आरोप लगा रहा है। कांग्रेस, शिवसेना (यूबीटी) समेत कई विपक्षी दल बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग कर रहे हैं। वहीं शरद पवार गुट के नेताओं ने भी ईवीएम में गड़बड़ी का आरोप लगाया हुए जांच की मांग को लेकर शरद पवार को पत्र लिखा था। अब कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण ने वोटर वेरिफाइड पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) पर्चियों की शत-प्रतिशत गिनती किए जाने की मांग की। पृथ्वीराज चव्हाण ने आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग के पास छिपाने के लिए कुछ है, हालांकि उन्होंने इस बारे में विस्तार से नहीं बताया। वीवीपैट वोट सत्यापन प्रणाली है, जिसके जरिये मतदाता यह देख पाते हैं कि ईवीएम पर उनका वोट उसी उम्मीदवार को गया है या नहीं, जिसके नाम के आगे का बटन उन्होंने दबाया था। मतदाता के बटन दबाने के बाद कुछ क्षणों के लिए एक पर्ची दिखाई देती है।

### कराड दक्षिण से चुनाव हारे पृथ्वीराज चव्हाण



20 नवंबर को हुए महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में कांग्रेस नेता पृथ्वीराज चव्हाण कराड दक्षिण सीट से भाजपा के अतुल सुरेश भोसले से 39,355 मतों के अंतर से हार गए थे। चुनाव के नतीजे 23 नवंबर को घोषित किए गए थे। पृथ्वीराज चव्हाण 90 वर्षीय सामाजिक कार्यकर्ता बाबा आढाव से मिलने के लिए पुणे में आए थे। बाबा आढाव ने ईवीएम में अनियमितताओं और राजनीति में कथित धनबल के इस्तेमाल के खिलाफ अपना धरना शनिवार को समाप्त कर दिया।

### 'बाबा आढाव को समर्थन देने आया हूं'

कांग्रेस नेता चव्हाण ने कहा कि "मैं यहां बाबा आढाव को समर्थन देने आया हूं। विधानसभा चुनाव के नतीजे अप्रत्याशित हैं। छह महीने पहले, हमें लोकसभा चुनाव में सफलता मिली थी महा विकास अघाड़ी ने 48 में से 30 सीट जीती थी। ऐसा कुछ नहीं था जिसके कारण विधानसभा चुनाव में नतीजे इतने अलग हों। हमें राज्य में बदलाव की उम्मीद थी।" पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण ने कहा कि "कई लोगों ने मांग की है कि चुनाव मत पत्र से कराया जाए। मेरी मांग है कि हर वीवीपैट पर्ची की गिनती की जाए। हमने महाराष्ट्र चुनाव के बाद इस मुद्दे पर निर्वाचन आयोग के साथ मुलाकात का कार्यक्रम निर्धारित किया है।"

### 'चुनाव आयोग से करेंगे मांग'

उन्होंने कहा कि "मुझे नहीं पता कि आयोग इस मुद्दे पर हमसे क्या चर्चा करेगा, लेकिन मैं हर पर्ची की गिनती की मांग करूंगा। मुझे लगता है कि आयोग कुछ छिपाना चाहता है। अगर लोकतंत्र को बचाना है, तो बदलाव की सख्त जरूरत है। मैं बाबा आढाव को उनके विरोध प्रदर्शन के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं।" बाबा आढाव ने गुरुवार को पुणे के फुले वाडा में अपना धरना शुरू किया था, जो समाज सुधारक ज्योतिबा फुले का निवास स्थान है। इस वर्ष अप्रैल में, उच्चतम न्यायालय ने ईवीएम के माध्यम से डाले गए मतों का वीवीपैट के साथ पूरी तरह से मिलान करने के अनुरोध संबंधी याचिकाओं को खारिज कर दिया था।

# 'बहुमत के बाद भी सीएम की देरी महाराष्ट्र का 'अपमान' है'

## आदित्य ठाकरे ने बीजेपी पर साधा निशाना

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नेता आदित्य ठाकरे ने रविवार को कहा कि विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित होने के एक सप्ताह से अधिक समय बाद भी महायुति द्वारा मुख्यमंत्री के नाम पर फैसला नहीं किया जाना और सरकार न बना पाना महाराष्ट्र का 'अपमान' है।

शिवसेना यूबीटी के प्रमुख नेता आदित्य ठाकरे ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के जरिए महायुति पर सवाल उठाया कि राज्य में अभी तक राष्ट्रपति शासन क्यों नहीं लगाया गया है? महायुति के सबसे बड़े घटक भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए आदित्य ठाकरे ने कहा कि सरकार बनाने का दावा पेश किए बिना ही शपथ ग्रहण की तारीख की एकतरफा घोषणा करना 'पूर्ण अराजकता' है।

### आदित्य ठाकरे का एक्स पोस्ट



महायुति पर निशाना साधते हुए आदित्य ठाकरे ने 'एक्स' पर लिखा,'परिणाम घोषित होने के एक सप्ताह से अधिक समय बाद भी मुख्यमंत्री के नाम पर फैसला न कर पाना और सरकार न बना पाना न केवल महाराष्ट्र का अपमान है, बल्कि उनके प्रिय निर्वाचन आयोग द्वारा की गई मदद का भी अपमान है।'

शिवसेना (यूबीटी) विधायक दल के नेता ने अपनी 'पोस्ट' में कहा कि ऐसा लगता है कि नियम केवल विपक्षी दलों पर लागू होते हैं, कुछ 'विशेष लोगों' पर नहीं। उन्होंने दावा किया, 'सरकार बनाने का दावा किए बिना और माननीय राज्यपाल के समक्ष संख्याबल साबित किए बिना, एकतरफा तरीके से शपथ ग्रहण की तारीख घोषित करना पूरी तरह अराजकता है।'

### एकनाथ शिंदे चले गए छुट्टी पर

आदित्य ठाकरे ने कहा, 'और इस सब के बीच कार्यवाहक मुख्यमंत्री छुट्टी पर चले गए हैं।' शिवसेना (यूबीटी) नेता ने सवाल उठाया, 'राष्ट्रपति शासन का क्या हुआ? क्या यह अब तक लागू नहीं हो जाना चाहिए था? अगर विपक्ष के पास संख्या बल होता और निर्णय नहीं हो पाता तो क्या तब भी ऐसा नहीं होता?'

# पुणे महानगरपालिका में शामिल 11 गांवों के ड्राफ्ट विकास योजना में गड़बड़ियां

## जनहित याचिका दायर



**मुंबई।** पुणे महानगरपालिका (पीएमटी) में शामिल 11 गांवों के मसौदा (ड्राफ्ट) विकास योजना में गड़बड़ियों को लेकर बॉम्बे हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई है। याचिका में दावा किया गया है कि पीएमसी ने 11 फरवरी 2021 के नए विलय किए गए 11 गांवों में सीवर (ड्रेनेज) नेटवर्क बिछाने, सीवर ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण और 5 साल के लिए सीवर ट्रीटमेंट प्लांट के संचालन एवं रखरखाव के लिए एक निविदा (ई-टेंडर) नोटिस जारी किया है। जबकि मसौदा विकास योजना को अंतिम रूप नहीं दिया गया है। इससे पीएमटी को आर्थिक नुक्सान का सामना करना पड़ सकता है। अदालत ने पीएमटी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय और न्यायमूर्ति अमित बोरकर की पीठ ने पीएमसी के पूर्व नगरसेवक अरविंद्र तुकाराम शिंदे की ओर से वैभव उगले की दायर जनहित याचिका पर पीएमसी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। अदालत ने मामले की सुनवाई 6 दिसंबर को रखी है। जनहित याचिका में 11 गांवों में सीवर ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण और संचालन के लिए पीएमसी द्वारा जारी एक निविदा (ई-टेंडर) नोटिस को चुनौती दी गई है।

# 'महाराष्ट्र के चुनाव नतीजे असंभव, गड़बड़ तो हुई है'

## जयराम रमेश ने पूरी चुनावी मशीनरी पर दागे सवाल

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

महाराष्ट्र में मिली करारी हार के बाद कांग्रेस ने चुनाव आयोग और ईवीएम को निशाने पर ले रखा है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने महाराष्ट्र के चुनाव नतीजों को असंभव बताया। उन्होंने आरोप लगाया है कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के दौरान पूरी चुनावी मशीनरी में कुछ गड़बड़ी हुई है। रमेश ने कहा कि यह लोकतंत्र के लिए खतरनाक है। कांग्रेस ने चुनाव आयोग के पास भी शिकायत दर्ज कराई है। अब आयोग ने तीन दिसंबर को कांग्रेस नेताओं को अपने मुख्यालय बुलाया है।



### चुनाव में हुआ हेर-फेर

जयराम रमेश ने कहा, चुनाव आयोग ने हमें समय दिया है और कांग्रेस नेता उनसे मिलेंगे। हमने जो ज्ञापन दिया है, वह चुनाव प्रक्रिया से संबंधित है। ईवीएम चुनाव प्रक्रिया का हिस्सा है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में पूरी चुनाव मशीनरी में गड़बड़ियां हुईं हैं। हेर-फेर किया गया है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजे असंभव हैं। कोई भी उन्हें समझ नहीं सकता है। हमने पूरी चुनाव मशीनरी पर सवाल उठाए हैं जो लोकतंत्र के लिए बहुत खतरनाक है।

### वीवीपीएटी का मुद्दा भी उठाया

जयराम रमेश ने कहा कि I.N.D.I.A दलों ने पिछले साल दिसंबर में प्रस्ताव पारित किया था कि वीवीपीएटी पर्चियों का 100 प्रतिशत मिलान होना चाहिए। मैंने भी वीवीपीएटी मुद्दे पर चुनाव आयोग से समय मांगा था। मगर हमें समय नहीं मिला।ह बता दें कि हरियाणा विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस ने ईवीएम में बैटरी का मुद्दा उठाया था।

### चुनाव आयोग ने कहा- लिखित में देंगे जवाब

चुनाव आयोग ने शनिवार को कहा है कि वह कांग्रेस की सभी वैध चिंताओं की समीक्षा करेगा और पार्टी के प्रतिनिधिमंडल की बात सुनने के बाद लिखित जवाब देगा। मतदान के आंकड़ों पर भी कांग्रेस ने सवाल उठाया। इस पर आयोग ने कहा कि आंकड़ों में कोई विसंगति नहीं है। आयोग ने कहा कि आंकड़े मतदान केंद्रवार उपलब्ध हैं और इनका सत्यापन किया जा सकता है।

# मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल प्रोजेक्ट पर तेजी से चल रहा काम

## भारत अब अकेले ही इस परियोजना को और अधिक कॉरिडोर में ले जाने में सक्षम

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

महाराष्ट्र में महायुति की जीत के साथ ही भारत की महत्वाकांक्षी बुलेट ट्रेन परियोजना को गति मिलने वाली है, जिसमें उच्च गति वाली ट्रेनों का मेक इन इंडिया स्तर पर निर्माण भी शामिल है। एक अधिकारी ने बताया कि मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल (एमएएचएसआर) परियोजना भविष्य के विस्तार के लिए आधार के रूप में काम करेगी। भारत स्वतंत्र रूप से इस परियोजना का प्रबंधन और विस्तार करने के लिए तैयार है। भारत अब अकेले ही इस परियोजना को और अधिक कॉरिडोर में ले जाने में सक्षम भी है। अधिकारी ने इस परियोजना को लेकर भारत की महत्वाकांक्षाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत ऐसी बुलेट ट्रेन बनाने में पूरी तरह सक्षम बनना चाहता है, जो 280 किलोमीटर प्रति घंटे की गति को छू सके और औसतन 250 किमी प्रति घंटे की परिचालन गति से चल सके। हालांकि, सस्पेंशन सिस्टम में वृद्धिशील सुधारों के बावजूद, पावर ट्रेन और ट्रेन बॉडी जैसे प्रमुख घटकों को विकसित करने में लगभग तीन साल लगने की संभावना है।



### रेलवे से जुड़े 175 कलपुर्जों पर रही नजर

इस तीन दिवसीय इनोरेल के छठे संस्करण की प्रदर्शनी अनुसंधान डिजाइन और मानक संगठन (आरडीएसओ) और भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के सहयोग से 28 से 30 नवंबर तक आयोजित की गई। इस प्रदर्शनी में 13 देशों से आईं विभिन्न कंपनियों की ओर से रेलवे से जुड़े करीब 175 कलपुर्जों की प्रदर्शनी लगाई गई।

### इनोरेल प्रदर्शनी में चर्चा में रही यह तीन तकनीकी

- आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तकनीक का प्रदर्शन
- सुरक्षा के लिए व्हीकल सर्विलांस सिस्टम से लैस कैमरे
- आरामदायक-सुरक्षित यात्रा के लिए बुलेट ट्रेन परियोजना

### अनेक रूट पर बुलेट ट्रेन की परियोजना

जापान के शिंकानसेन कंपनी, जो की भारत के बुलेट ट्रेन परियोजना में प्रमुख भूमिका निभाती है, का जिक्र करते हुए अधिकारी ने स्पष्ट किया कि हमारा लक्ष्य जापानी सहयोग को बनाए रखना है। उन्होंने बताया कि MAHSR कॉरिडोर पर चलने वाली आधुनिक ट्रेनों की आपूर्ति के लिए बातचीत चल रही है। भाजपा के घोषणापत्र में उत्तर, दक्षिण और पूर्वी भारत में बुलेट ट्रेन कॉरिडोर के लिए व्यवहार्यता अध्ययन की योजना की रूपरेखा भी दी गई है।

### परियोजना पर तेज गति से हो रहा काम

मिली जानकारी के अनुसार, MAHSR कॉरिडोर पर सिविल कार्य 50% पूरा हो चुका है। रेलवे बोर्ड ने इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (आईसीएफ) को 280 किमी/घंटा की गति तक पहुंचने में सक्षम बुलेट ट्रेन बनाने का काम सौंपा है। बीईएमएल को 866.87 करोड़ रुपये की लागत से इन ट्रेनों के निर्माण का ठेका दिया गया है, जिसमें प्रत्येक कोच की कीमत 27.86 करोड़ रुपये है। इस लागत में डिज़ाइन, विकास और टूलींग, परीक्षण और संबंधित सुविधाओं के लिए खर्च भी शामिल हैं।

# धनशोधन मामले में राज कुंद्रा को ईडी का समन, पूछताछ के लिए बुलाया

**मुंबई।** अश्लील (पोर्नोग्राफी) सामग्री बनाने और वितरण से जुड़े धनशोधन (मनी लॉड्रिंग) प्रकरण की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राज कुंद्रा को समन जारी कर पूछताछ के लिए बुलाया है। एक अधिकारी ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि कुंद्रा को सोमवार को पेश होने के लिए कहा गया है। लेकिन यदि वे इस दिन नहीं आ सकते तो सप्ताह में किसी और दिन भी पेश हो सकते हैं। कुंद्रा के साथ इस मामले से जुड़े अन्य लोगों को भी पूछताछ के लिए पेश होने कासमन जारी किया गया है। इस प्रकरण की जांच के सिलसिले में केंद्रीय एजेंसी ने 29 नवंबर को कुंद्रा और अन्य व्यक्तियों के परिसरों पर छापे मारे थे।

**पश्चिम रेलवे**

**जंग खाए स्टील गर्डरों का प्रतिस्थापन**

वरिष्ठ डीईएन (दक्षिण) मुंबई सेंट्रल आमंत्रित करता है **ई-निविदा सूचना संख्या: बीसीटी/24-25/219 दिनांक 28.11.2024. कार्य और स्थान: चर्चगेट-विरार खंड** - पुल संख्या 14ए, 61 और 62 पर जंग खाए स्टील गर्डरों को प्रीकास्ट आरसीसी/पीएससी स्लैब से प्रतिस्थापित करना, कुल अवधि = 14 संख्या. स्वीकृत पुल कार्य के संबंध में कुल पुल - 11 संख्या और अवधि 50 संख्या. **कार्य की अनुमानित लागत:** 1,38,42,320.30. **ईएमडी:** 2,19,200/-. **जमा करने की तिथि और समय:** 24.12.2024,15:00 बजे तक. **खुलने की तिथि और समय:** 24.12.2024 को 15:30 बजे.अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं। **0781**

हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**विभिन्न कार्य**

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर (निर्माण) पश्चिम रेलवे मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, एनेक्स बिल्डिंग तीसरी मंजिल दो बत्ती रतलाम (म.प्र.) 457 001, **निविदा सूचना क्रमांक: ईएल-सी-आरटीएम-ईपीसी-01-2024-25. आमंत्रित करता है। कार्य का नाम:** पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल के दाहोद-इंदौर खंड के बीच नई लाइन और डॉ. अंबेडकर नगर-खंडवा खंड के बीच विद्युतीकरण कार्य के संबंध में धार, झाबुआ और डॉ. अंबेडकर नगर में 03 नग 132/25 केवी ट्रैक्शन सब-स्टेशन और टीही, सागोर, गुनावद, दाहोद, कटवारा और पिटोल में 06 नग स्विचिंग पोस्ट का डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग। **अनुमानित मूल्य:** 43,34,90,259/-. **बोली जमा:** 23,17,500/-. **ऑनलाइन बोली आरंभ तिथि:** 23.12.2024. **निविदा समाप्ति तिथि:** 06.01.2025 को 15:00 बजे. **वेबसाइट विवरण और नोटिस बोर्ड:** कार्य समय के दौरान व्यक्तिगत रूप से या ऊपर उल्लिखित कार्यालय पते और टेलीफोन नंबर 07412 233996 पर; संपर्क ई-मेल: dyceecrtm@gmail.com. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं। **0779**

हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly

**सार्वजनिक सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि 1) श्रीमती पुरन बेहराम इरानी, 2) श्री शाहरीयार बेहराम अत्ताई (उर्फ शाहरीयार बेहराम इरानी), 3) श्री एज़ादियार बेहराम अत्ताई ( उर्फ एज़ादियार बेहराम इरानी) और 4) श्रीमती तौबम फरेडून इरानी ने नीचे दी गई सूची में अधिक विशिष्ट रूप से वर्णित संपत्ति को बेचने पर सहमति दी है ('उक्त संपत्ति')। कोई भी व्यक्ति जिसे उक्त संपत्ति के संबंध में विक्रय, विनिमय, बंधन, शुल्क, उपहार, ट्रस्ट, रखरखाव, वारसाहक, कब्जा, पट्टे, किराये, ऋण, लाइसेंस या किसी ट्रस्ट के तहत लाभकारी अधिकार / हित, लिखित अधिकार, प्रिवेशन, किसी समझौते या अन्य वितरण या किसी न्यायालय या विधायी प्राधिकरण द्वारा पारित आदेश, निर्णय या पुरस्कार के तहत कोई दावा हो, वह व्यक्ति कृपया सभी सहायक दस्तावेजों की नोटरीकृत प्रतियों के साथ उक्त दावा लिखित रूप में, नीचे दिए गए कार्यालय पते पर 21 (इक्कीस) दिनों के भीतर सूचित करने का अनुरोध किया जाता है, अन्यथा यह माना जाएगा कि ऐसा कोई दावा अस्तित्व में नहीं है और यदि ऐसा दावा कानूनी रूप से या अन्यथा अस्तित्व में है, तो यह माना जाएगा कि दावेदार ने अपना दावा त्याग दिया है और / या बिना शर्त और अपरिवर्तनीय रूप से अपना अधिकार त्याग दिया है।

**सूची**

सभी वह भूमि या भूखंड जिसका क्षेत्रफल लगभग 280 वर्ग गज (220.40 वर्ग मीटर) है, साथ ही उस पर स्थित इमारत / संरचना जिसे " इरानी हाउस " (" उक्त इमारत ") के नाम से जाना जाता है, जो संतोष नगर, प्लॉट नंबर 7, हिल रोड, बांद्रा पुलिस स्टेशन के सामने, बांद्रा (पश्चिम), मुंबई 400050 में स्थित है और जिसे नगरपालिका दर और कर मूल्यांकनकर्ता द्वारा H / W वार्ड के तहत मूल्यांकित किया गया है। उक्त भूमि और उक्त इमारत को एक साथ " उक्त संपत्ति" के रूप में संदर्भित किया जाता है।

**सही / -**
**वकील पावनी चड्डा**
पता: 102, यूसुफ बिल्डिंग, एमजी रोड, फोर्ट, मुंबई 400001.
दिनांक: 30 नवंबर 2024
ईमेल: paavani.chadha@gmail.com

**पश्चिम रेलवे**

**विभिन्न कार्य**

वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर (सह), द्वितीय तल, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, मुंबई सेंट्रल, मुंबई- 400 008 **ई-निविदा संख्या: WR-MMCT-SnT-STTD-7- 2024R1 दिनांक 27/11/2024 को आमंत्रित करता है। कार्य का नाम:** 1) प्राकृतिक प्रकाश और वेंटिलेशन को बढ़ाने के लिए इंजीनियरिंग विभाग के कार्यालय और केबिनों की पुनर्व्यवस्था और चर्चगेट के जीएलओ बिल्डिंग के द्वितीय तल पर इंजीनियरिंग कॉन्फ्रेंस हॉल में वीडियो कॉन्फ्रेंस सुविधा के संबंध में दूरसंचार सुविधा का प्रावधान, 2) मुंबई सेंट्रल में मौजूदा बेलासिस रोड ओवर ब्रिज के संबंध में, 3) अंधेरी (रेलवे भाग) में सी.डी. बर्फीवाला रोड और प्रो. फड़के रोड को जोड़ने वाले गोपाल कृष्ण गोखले ब्रिज पर मौजूदा रोड ओवर ब्रिज का पुनर्निर्माण और 4) बधवार पार्क रेलवे कॉलोनी में ऑफिसर्स क्लब की मरम्मत और नवीनीकरण। **कार्य की लागत:** 8738124.92. **बोली सुरक्षा:** 174800/-. **ई-टेंडर दस्तावेज जमा करने के लिए बंद होने का समय और तिथि:** 20.12.2024, 15:00 बजे तक. **ई-टेंडर खोलने का समय और तिथि:** 20.12.2024 को 15:30 बजे. निविदा को वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है. **0777**

हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly

संपादकीय

# इधर प्रियंका, उधर सोरेन

दो घटनाक्रमों के चलते भारतीय राजनीति के लिये बहुत महत्वपूर्ण साबित हुआ है, या कहें कि होने जा रहा है- खासकर विपक्षी गठबन्धन इंडिया की दृष्टि से देखें तो। पहला देश की राजधानी दिल्ली के संसद भवन में हुआ है, तो दूसरा झारखंड की राजधानी रांची में। देश के प्रथम राजनैतिक परिवार अर्थात नेहरू खानदान की 16वीं सदस्य के रूप में प्रियंका गांधी ने लोकसभा की सदस्यता ग्रहण की- बतौर वायनाड (केरल) प्रतिनिधि। इसके साथ ही कांग्रेस ने सदन में तिहाई का आंकड़ा छू लिया। हेमंत सोरेन ने रांची में दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। 2000 में बने इस राज्य में पहली बार हो रहा है कि कोई लगातार दो बार सीएम बना है। वैसे पिछले कार्यकाल के अंतिम चरण में उन्हें जेल जाना पड़ा था जिसके कारण उन्होंने इस पद से इस्तीफा दे दिया था लेकिन जमानत पर लौटने के बाद वे फिर इस पद पर काबिज हुए थे। उन्हीं के नेतृत्व में वहां झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस गठबन्धन सत्ता में लौटा है। प्रियंका का संसद प्रवेश करना हो या जेएमएम-कांग्रेस की सरकार का बनना, दोनों घटनाक्रमों में एक समानता यह है कि दोनों भारतीय जनता पार्टी, विशेषतः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बेहद चुभने वाले हैं। दूसरा यह कि इन दोनों से इंडिया गठबन्धन को ताकत मिलेगी। प्रियंका गांधी का लोकसभा में आना सिर्फ इस लिहाज से महत्वपूर्ण नहीं है कि नेहरू-गांधी परिवार के एक और सदस्य ने संसदीय राजनीति में प्रवेश किया है। यह वही प्रियंका है जो राजनीति को लम्बे समय तक 'ना, ना' कहती रहीं। जब कांग्रेस का श्रेष्ठ काल न भी कहें तो सहूलियत भरा वक्त अवश्य था, तब भी वे नहीं आईं। हालांकि उनका चुनावी राजनीति से करीबी नाता रहा है। कहें तो उनके बड़े भाई व पहले से सक्रिय राजनीति में आए राहुल से कहीं अधिक सघन रूप से उन्होंने चुनावी राजनीति में हिस्सा लिया। उनके छुटपन के कई दिन प्रधानमंत्री पिता राजीव गांधी के साथ उनके चुनावी क्षेत्र अमेठी में गुजरे थे, तो बाद में वे अपनी मां सोनिया गांधी का चुनावी प्रबन्धन कर्नाटक के बेल्लारी से लेकर रायबरेली तक सम्हाला करती थीं। अमेठी में ही उन्होंने अपने भाई को हारते और जीतते देखा और दोनों ही मर्तबा वे उनके साथ थीं- इलेक्शन ड्यूटी करते हुए। भाई का साथ उन्होंने इसी वायनाड के चुनावी मैदान में भी निभाया। इस साल हुए लोकसभा चुनाव में जब रणनीतिक निर्णय के अंतर्गत राहुल को रायबरेली और वायनाड से एक साथ लड़ाया गया तो प्रियंका ने अपनी कार्य कुशलता का परिचय देते हुए भाई को दोनों सीटों पर जीत दिलाई। इतना ही नहीं, वर्षों से उनके परिवार का हर चुनाव में मोर्चा सम्हालने वाले किशोरीलाल शर्मा को भी उन्होंने बरास्ता अमेठी लोकसभा प्रवेश कराया। यह सब उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में किया। हालांकि जब वे सक्रिय राजनीति में नहीं थीं, तब भी नेहरू-गांधी परिवार के लिये भाजपा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, इस कुनबे के अघोषित प्रवक्ता आईटी सेल और लाखों की संख्या में सोशल मीडिया पर विचरण करने वाली असभ्य व अशालीन ट्रोल आर्मी की फैलाई घृणा का वे शिकार बनती रहीं। मोदी के लिये शायद इससे अधिक बुरा कुछ नहीं हो सकता कि एक ओर प्रियंका उनके ठीक सामने बैठने जा रही हैं, तो दूसरी तरफ़ उस झारखंड में भाजपा की सरकार नहीं बन पाई जो उनके कारोबारी मित्र गौतम अदानी के व्यवसाय के लिये बहुत उपयोगी साबित होता। यह निश्चित ही इंडिया की मजबूती का दिन है। झारखंड के साथ जिस राज्य के विधानसभा चुनाव के नतीजे आये थे वह महाराष्ट्र था, जहां महाविकास आघाड़ी यानी इंडिया को असफलता मिली थी। प्रियंका के संसद प्रवेश और हेमंत सोरेन की वापसी को उस नुकसान की भरपायी तो नहीं कहा जा सकता, लेकिन गैर भाजपायी दलों को लड़ते रहने का हौसला अवश्य मिलेगा।

शख्सियत | ओम प्रकाश रावत

## निष्पक्षता और ईमानदारी के प्रतीक



ओम प्रकाश रावत भारत के प्रमुख चुनाव आयुक्तों में से एक रहे हैं, जिन्होंने भारतीय लोकतंत्र को सुदृढ़ और पारदर्शी बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनका जन्म 2 दिसंबर 1953 को मध्य प्रदेश के सिधी जिले में हुआ। पढ़ाई में शुरू से ही कुशाग्र रहे रावत ने फिजिक्स में एम.एससी. की डिग्री प्राप्त की और बाद में 1977 में भारतीय प्रशासनिक सेवा (**IAS**) में चयनित हुए।

अपनी प्रशासनिक सेवा के दौरान ओम प्रकाश रावत ने विभिन्न पदों पर रहते हुए जनता की भलाई और ईमानदारी को प्राथमिकता दी। वे मध्य प्रदेश कैडर के अधिकारी थे और उन्होंने राज्य व केंद्र दोनों स्तरों पर महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया। उनकी कार्यशैली में पारदर्शिता और निष्पक्षता की झलक हमेशा दिखाई दी।
ओम प्रकाश रावत को 14 अगस्त 2015 को भारत के चुनाव आयोग में निर्वाचन आयुक्त के रूप में नियुक्त किया गया। इसके बाद 23 जनवरी 2018 को उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त (CEC) का पदभार ग्रहण किया। उनके कार्यकाल में कई अहम चुनाव संपन्न हुए, जिनमें निष्पक्षता और पारदर्शिता का पूरा ध्यान रखा गया। उन्होंने चुनाव सुधारों के लिए विशेष प्रयास किए और डिजिटल युग में चुनाव प्रक्रिया को अधिक सुरक्षित और भरोसेमंद बनाने की दिशा में काम किया। ओम प्रकाश रावत ने पैसे और बाहुबल के प्रभाव को कम करने के लिए कई सख्त कदम उठाए। उनकी नेतृत्व क्षमता और नीतियों ने भारतीय चुनाव प्रक्रिया को अधिक विश्वसनीय बनाया।
ओम प्रकाश रावत को उनकी सेवा और समर्पण के लिए कई पुरस्कार और सम्मान मिले। 2 दिसंबर 2018 को उन्होंने अपना कार्यकाल पूरा किया।
उनका जीवन ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और लोकतंत्र की मजबूती के प्रति समर्पण की मिसाल है। ओम प्रकाश रावत ने अपने कार्यों से यह साबित किया कि जब नेतृत्व निष्पक्ष और दृढ़ संकल्पी हो, तो लोकतंत्र का हर स्तंभ मजबूत हो सकता है।

# व्यवस्था में पारदर्शिता से दूर होगा कुपोषण

जयंतीलाल भंडारी




हाल ही में इंडियन कौंसिल फॉर रिसर्च ऑन इंटरनेशनल इकॉनामिक रिलेशंस द्वारा किए गए एक नए अध्ययन में पाया गया है कि देश पीडीएस के तहत भारतीय खाद्य निगम और राज्य सरकारों द्वारा आपूर्ति किए गए अनाज का 28 फीसदी इच्छित लाभार्थियों तक नहीं पहुंच पाता है। यानी सालाना करीब दो करोड़ टन अनाज का लीकेज होता है। अर्थव्यवस्था को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ती है। इस वजह से सालाना करीब 69 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा का आर्थिक नुकसान होता है। चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए केंद्र सरकार का खाद्य सब्सिडी बिल 2.05 लाख करोड़ रुपये का है।
रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2016 से राशन की दुकानों में पाइंट ऑफ सेल (पीओएस) मशीनों की शुरुआत से लीकेज में कमी आई है। वर्ष 2011-12 की खपत संख्या के आधार पर शांता कुमार समिति ने कहा था कि पीडीएस व्यवस्था में करीब 46 फीसदी लीकेज है। यद्यपि इस समय इस लीकेज में कमी आई है, लेकिन यह अभी भी काफी अधिक है। ऐसे में जरूरी है कि पीडीएस के लिए बेहतर निगरानी और संरचनात्मक सुधारों की डगर पर तेजी से आगे बढ़ा जाए।
देश में गरीबों पर केंद्रित लक्षित पीडीएस की शुरुआत जून, 1997 में हुई है। इस समय दुनिया में भारत सबसे बड़ी सार्वजनिक राशन वितरण प्रणाली के लिए जाना जाता है। देश भर में मौजूदा पांच लाख से अधिक उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से निःशुल्क खाद्यान्न वितरण किया जाता है। खासतौर से सितंबर, 2013 में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के पारित होने के साथ ही पीडीएस व्यवस्था में बड़ा सुधार हुआ है। यह अधिनियम देश की 67 फीसदी आबादी को अपने दायरे में लेता है। सरकार के द्वारा कोविड-19 महामारी के दौरान वंचित वर्गों के पात्र लोगों के लिए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत अतिरिक्त अनाज दिया जाने लगा है और तब से लगातार अब तक केंद्र सरकार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के तहत देश के 81.35 करोड़ लोगों को निःशुल्क खाद्यान्न मुहैया करा रही है। सरकार ने वर्ष 2028 तक इस योजना का लाभ सुनिश्चित किया है।
देश में कमजोर वर्ग के लोगों को व्यवस्थित रूप से निःशुल्क खाद्यान्न वितरित किए जाने में पीडीएस की अहम भूमिका है। इससे गरीबी में कमी आ रही है। कई प्रमुख वैश्विक संगठनों के द्वारा उनकी रिपोर्टों में भारत में बहुआयामी गरीबी घटाने में 81 करोड़ से अधिक लोगों को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) के तहत मुफ्त खाद्यान्न दिए जाने और उससे गरीब वर्ग की उत्पादकता बढ़ने के निष्कर्ष भी दिए गए हैं। अमेरिकी के प्रसिद्ध थिंक टैंक द ब्रुकिंग्स इंस्टिट्यूशन की रिपोर्ट में कहा गया है कि जहां वर्ष 2011-12 में भारत की 12.2 फीसदी आबादी अत्यधिक गरीब थी, वहीं यह वर्ष 2022-23 में घटकर महज दो फीसदी ही रह गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि गरीबों की उत्पादकता वृद्धि, तेज विकास और असमानता में कमी के चलते भारत को यह कामयाबी मिली है। लेकिन अभी भी कमजोर वर्ग तक निःशुल्क गेहूं और चावल के अलावा पोषण युक्त श्रीअन्न यानी मिलेट्स की उपयुक्त आपूर्ति न होने से करोड़ों लोग पोषण सुरक्षा के मद्देनजर चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। हाल ही में प्रकाशित ग्लोबल हंगर इंडेक्स (जीएचआई) 2024 में भारत 127 देशों में 105वें नंबर पर है। लेकिन भारत के लिए अभी भी हंगर इंडेक्स का स्कोर 27.3 है जो गंभीर बना हुआ है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) द्वारा जारी रिपोर्ट में भी कहा गया है कि भारत में करीब 74 फीसदी लोगों को पोषण युक्त आहार नहीं मिल पाता है।
निश्चित रूप से देश के 81 करोड़ से अधिक लोगों तक निःशुल्क खाद्यान्न वितरण, इच्छित लाभार्थियों तक इसकी उपयुक्त पहुंच और पोषण युक्त खाद्यान्न की आपूर्ति सुनिश्चित करने के मद्देनजर देश की पीडीएस व्यवस्था पर नए सिरे से विचार करना होगा। मौजूदा पीडीएस व्यवस्था को इस तरह सुधारना होगा, जिससे सरकार गरीबों के कल्याण और गरीबी निवारण लक्ष्य को पाने के लिए आगे बढ़ सके और वास्तविक लाभार्थी इसके लाभों को प्राप्त कर सके। पीडीएस के तहत प्रत्यक्ष नकद हस्तांतरण में ऐसे परिवर्तन की संभावना तलाशना जरूरी है, जिससे इस व्यवस्था की पारदर्शिता बढ़ाई जा सके और अकुशलता में भी कमी की जा सके। केंद्रीय खाद्य मंत्रालय की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक राशन कार्ड के डिजिटलीकरण के चलते देश में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) को अधिक कारगर बनाने के लिए आधार एवं ईकेवाईसी प्रणाली के माध्यम से सत्यापन कराने के बाद अब तक फर्जी पाए गए 5 करोड़ 80 लाख से अधिक राशन कार्ड रद्द कर दिए गए हैं। चूंकि अभी तक पीडीएस लाभार्थियों में से करीब 64 फीसदी का ही ईकेवाईसी किया गया है, अतएव शेष का ईकेवाईसी तेजी से बढ़ाकर पीडीएस को अधिक प्रभावी बनाया जा सकेगा।

जीवन मंत्र | ओशो

# संत और पापी का फर्क

जब तुम किसी चीज को सहन करते हो, तो इसका अर्थ है, तुमने उसे स्वीकार नहीं किया है। तुम कहते हो, 'क्या किया जा सकता है? उसे छोड़ा नहीं जा सकता, नष्ट नहीं किया जा सकता, तो मुझे उसे सहना ही पड़ेगा।'




इस धरती पर अपराधी, समाज विरोधी, विद्रोही और नकारात्मक व्यक्तित्व भी आधा है। निषेध और विरोध करने वाले ये नकारात्मक लोग वे हैं, जो कभी महान राजनेता, तो कभी क्रांतिकारी बन जाते हैं और संसार में निषेध और विरोध का जहर उगलते हैं। हिटलर हो या स्तालिन अथवा मुसोलिनी या माओ, ये नकारात्मक लोग हैं। ये संतों के ठीक उल्टे हैं, पर एक मामले में दोनों लगभग एक जैसे हैं। ये भी संतों की तरह आधे-अधूरे हैं। अंतर केवल एक है- संत ने अपने अचेतन में जो छिपाया है, उससे ही अपने चेतन का निर्माण किया है। इस संसार में सामान्यतः दो तरह के लोग होते हैं- संत और पापी। मगर ये दोनों एक साथ चलते हैं। एक ऐसे संसार में, जहां कोई पापी न हो, तो वहां कोई संत भी न होगा। और उस संसार में जहां कोई संत न हो, वहां कोई पापी भी नहीं होगा। ये दोनों एक ही धंधे के दो साझेदार हैं। ये दोनों एक साथ रहते हैं, वे एक-दूसरे की सहायता करते हैं। बिना एक के दूसरा भी जीवित नहीं रह सकता। इस अस्तित्व में ही नहीं रह सकता। पापी संत को परिभाषित करता है और संत पापी की परिभाषा देता है। एक ऋषि या फकीर के पास भिन्न तरह की चेतना होती है। वह अखंड होती है। वह न तो विधायक होती है और न नकारात्मक, उसने दोनों के गुणों को अवशोषित कर लिया होता है। वह सर्व-स्वीकार होता है। जो कुछ भी परमात्मा ने दिया है, उसी को एक इकाई में रूपांतरित करना है। मनुष्य को चुनाव नहीं करना, बल्कि स्वीकार करना है। स्मरण रहे, स्वीकार भाव से मेरा तात्पर्य सहनशीलता से नहीं है। जब तुम किसी चीज को सहन करते हो, तो इसका अर्थ है, तुमने उसे स्वीकार नहीं किया है। तुम कहते हो, 'क्या किया जा सकता है? उसे छोड़ा नहीं जा सकता, नष्ट नहीं किया जा सकता, तो मुझे उसे सहना ही पड़ेगा।' मगर स्वीकार भाव एक प्रसन्नतापूर्ण स्वागत है, 'जो कुछ परमात्मा ने दिया है, जरूर उसका कुछ अर्थ होगा, यद्यपि हो सकता है कि ठीक अभी मैं उसे समझने में समर्थ न हो सकूं। मुझे उसे खोजना होगा।' इसमें यह समझ निहित है कि जो कुछ हमें दिया गया है, उसका अर्थ है, अन्यथा वह मुझे दिया ही नहीं गया होता। एक ऋषि या फकीर धार्मिक व्यक्ति होता है, क्योंकि वह अखंड होता है। वह अपनी काम-वासना से इनकार नहीं करता, अपने क्रोध से इनकार नहीं करता, वह किसी भी चीज से मना नहीं करता। वह प्रत्येक चीज को गहरी समझ, कृतज्ञता और स्वागत भाव से स्वीकार करता है। और उस पूरी समझ, उस स्वागतपूर्ण दृष्टिकोण से चीजें बदलनी शुरू हो जाती हैं। एक महान रासायनिक परिवर्तन होता है। यह चमत्कार एक फकीर या ऋषि में ही घटता है। उसका क्रोध करुणा बन जाता है। काम-वासना ध्यान, समाधि बन जाती है।

जीवन ऊर्जा | रिचर्ड मोंटगोमरी : जन्म 2 दिसंबर 1738 | जन्म

# सच्चा योद्धा असफलता से नहीं डरता

रिचर्ड मोंटगोमरी एक आयरिश-अमेरिकी सैनिक थे, जिनका जन्म 2 दिसंबर 1738 को हुआ था। वह अमेरिकी स्वतंत्रता संग्राम के दौरान अपने साहसिक नेतृत्व के लिए प्रसिद्ध हुए। 31 दिसंबर 1775 को क्यूबेक की लड़ाई में उनकी मृत्यु हुई। उनका जीवन स्वतंत्रता और कर्तव्य के प्रति समर्पण की मिसाल है।




साहस वह आधार है, जिस पर सभी महान कार्य खड़े होते हैं। सच्चे नेता वही होते हैं, जो दूसरों को खुद से बड़े उद्देश्य के लिए प्रेरित करते हैं। जीत उन्हीं की होती है, जो तूफानों का सामना करते हुए आगे बढ़ते हैं। आजादी के लिए किया गया बलिदान कभी व्यर्थ नहीं जाता, यह आने वाली पीढ़ियों के लिए राह बनाता है। शक्ति संख्या में नहीं, बल्कि दिल के दृढ़ संकल्प में होती है। न्याय की ओर बढ़ाया गया हर छोटा कदम भी बदलाव की लहरें पैदा करता है। सच्चा योद्धा असफलता से नहीं डरता, बल्कि उससे सीखता है। आजादी सिर्फ कार्रवाई नहीं मांगती, बल्कि इसके महत्व पर अटूट विश्वास भी। दृढ़ निश्चय को अपनी ढाल और उम्मीद को अपनी तलवार बनाओ। सच्चे नेता ताकत से नहीं, बल्कि अपने कमाए गए विश्वास और सम्मान से उठते हैं। जब हालात आपके खिलाफ हों, तो साहस को अपनी राह का प्रकाश बनने दो। किसी राष्ट्र की शक्ति उसके लोगों की एकता और आत्मा में होती है। हार में भी, सही के लिए खड़ा होना सम्मान की बात है। आजादी के सपने हर जोखिम और हर बलिदान के लायक होते हैं। इतिहास उन्हें याद करता है, जो असंभव को चुनौती देने का साहस करते हैं। आजादी की लौ अपने दिल में जलती रहनी चाहिए। न्याय के लिए लड़ाई एक साहसी कदम से शुरू होती है। आपकी आज की कार्रवाई कल की जीत की नींव रखती है। नेतृत्व वही है, जो दूसरों को असंभव पर विश्वास करना सिखाए। दृढ़ निश्चय वाली आत्मा की शक्ति को कभी कम मत आंकिए। संदेह के क्षणों में याद रखें कि आपने शुरुआत क्यों की थी। आजादी दी नहीं जाती, यह बलिदान और दृढ़ता से अर्जित की जाती है। निडर दिल सबसे बड़ी चुनौतियों को भी जीत सकता है। अपने उद्देश्य पर विश्वास रखें, दुनिया आपका अनुसरण करेगी। सच्चे नायक वही बनते हैं, जो असाधारण साहस का चुनाव करते हैं।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# व्यक्ति के जीवन में मिट्टी का प्रभाव



जिस भूमि मैं जैसे कर्म किए जाते हैं, वैसे ही संस्कार वह भूमि भी प्राप्त कर लेती है। इसलिए गृहस्थ को अपना घर सदैव पवित्र रखना चाहिए। मार्कण्डेय पुराण मैं एक कथा आती है- राम लक्ष्मण सीता जब वन में प्रवास कर रहे थे। मार्ग में एक स्थान पर लक्ष्मण का मन कुभाव से भर गया, मति भ्रष्ट हो गयी। वे सोचने लगे - कैकेयी ने तो वनवास राम को दिया है मुझे नहीं। मैं राम की सेवा के लिए कष्ट क्यों उठाऊँ? राम जी ने लक्ष्मण से कहा - लक्ष्मण इस स्थल की मिट्टी अच्छी दिखती है, थोड़ी बाँध लो। लक्ष्मण ने एक पोटली बना ली। मार्ग में जब तक लक्ष्मण उस पोटली को लेकर चलते थे तब तक उनके मन में कुभाव ही बना रहता था।
किन्तु..जैसे ही रात्रि में विश्राम के लिए उस पोटली को नीचे रखते उनका मन राम सीता के लिए ममता और भक्ति से भर जाता था। 2-3 दिन यही क्रम चलता रहा जब कुछ समझ नही आया तो लक्ष्मण ने इसका कारण राम जी से पूछा। श्रीराम ने कारण बताते हुए कहा - भाई! तुम्हारे मन के इस परिवर्तन के लिए दोष तुम्हारा नहीं, बल्कि उस मिट्टी का प्रभाव है, जिस भूमि पर जैसे काम किए जाते हैं उसके अच्छे बुरे परमाणु उस भूमिभाग में और वातावरण में भी छूट जाते हैं। जिस स्थान की मिट्टी इस पोटली में है, वहाँ पर सुंद और उपसुंद नामक दो राक्षसों का निवास था। उन्होंने कड़ी तपस्या के द्वारा ब्रम्हा जी को प्रसन्न करके अमरता का वरदान माँगा। ब्रम्हा जी ने उनकी माँग तो पूरी की किन्तु कुछ नियन्त्रण के साथ। उन दोंनो भाइयो में बड़ा प्रेम था अतः उन्होंने कहा कि हमारी मृत्यु केवल आपसी विग्रह से ही हो सके। ब्रह्माजी ने वर दे दिया। वरदान पाकर दोनों ने सोचा कि हम कभी आपस में झगड़ने वाले तो हैं नही। अतः अमरता के अहंकार में देवों को सताना शुरु कर दिया। जब देवों ने ब्रह्माजी का आश्रय लिया तो ब्रह्माजी ने तिलोत्तमा नाम की अप्सरा का सर्जन करके उन असुरों के पास भेजा। सुंद और उपसुंद ने जब इस सौन्दर्यवती अप्सरा को देखा तो कामांध हो गये। तुम मेरी हो और अपनी अपनी कहने लगे तब तिलोत्तमा ने कहा कि मैं तो विजेता के साथ विवाह करुँगी। तब दोनो भाईयो ने विजेता बनने के लिए ऐसा घोर युद्ध किया कि दोनो आपस मे लड़ के मर गये। वे दोनों असुर जिस स्थान पर झगड़ते हुए मरे थे, उसी स्थान की यह मिटटी है। अतः इस मिटटी में भी द्वेष, तिरस्कार, और वैर का सिंचन हो गया है।



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

सक्सेस मंत्र

# फेलियर ही आपको सफलता के लिए तैयार करता है

किसी छोटे बच्चे से पूछो कि वह क्या बनना चाहता है, तो कोई टीचर बनना चाहता है, कोई डॉक्टर, तो अपने मां या पापा की तरह बनना चाहता है। कुछ दिनों के बाद उनके जवाब बदल जाते हैं। मगर बड़े होने के बाद भी अगर इसी तरह लक्ष्य बदलना अच्छी बात नहीं। कई बार लोग सफलता न मिलने से निराश होकर अपना रास्ता बदल देते हैं, तो कुछ लोग दूसरों के कहने पर या उनकी देखा-देखी अपना रास्ता बदल देते हैं। मगर ऐसा करना कितना सही है, यह इस कहानी में बताया गया है।
एक बार की बात है, एक निःसंतान राजा था, वह बूढा हो चुका था और उसे राज्य के लिए एक योग्य उत्तराधिकारी की चिंता सताने लगी थी। योग्य उत्तराधिकारी के खोज के लिए राजा ने पुरे राज्य में ढिंढोरा पिटवाया कि अमुक दिन शाम को जो मुझसे मिलने आएगा, उसे मैं अपने राज्य का एक हिस्सा दूंगा। राजा के इस निर्णय से राज्य के प्रधानमंत्री ने रोष जताते हुए राजा से कहा, महाराज, आपसे मिलने तो बहुत से लोग आएंगे और यदि सभी को उनका भाग देंगे तो राज्य के टुकड़े-टुकड़े हो जाएंगे। ऐसा अव्यावहारिक काम न करें। राजा ने प्रधानमंत्री को आश्वस्त करते हुए कहा, प्रधानमंत्री जी, आप चिंता न करें, देखते रहें, क्या होता है। निश्चित दिन जब सबको मिलना था, राजमहल के बगीचे में राजा ने एक विशाल मेले का आयोजन किया। मेले में नाच-गाने और शराब की महफिल जमी थी, खाने के लिए अनेक स्वादिष्ट पदार्थ थे। मेले में कई खेल भी हो रहे थे। राजा से मिलने आने वाले कितने ही लोग नाच-गाने में अटक गए, कितने ही सुरा-सुंदरी में, कितने ही आश्चर्यजनक खेलों में मशगूल हो गए तथा कितने ही खाने-पीने, घूमने-फिरने के आनंद में डूब गए। इस तरह समय बीतने लगा।
इन सभी के बीच एक व्यक्ति ऐसा भी था जिसने किसी चीज की तरफ देखा भी नहीं। उसके मन में निश्चित ध्येय था कि उसे राजा से मिलना ही है। इसलिए वह बगीचा पार करके राजमहल के दरवाजे पर पहुंच गया। पर वहां खुली तलवार लेकर दो चौकीदार खड़े थे। उन्होंने उसे रोका। उन्हें अनदेखा करके और चौकीदारों को धक्का मारकर वह दौड़कर राजमहल में चला गया, क्योंकि वह निश्चित समय पर राजा से मिलना चाहता था।
जैसे ही वह अंदर पहुंचा, राजा उसे सामने ही मिल गए और उन्होंने कहा, मेरे राज्य में कोई व्यक्ति तो ऐसा मिला जो किसी प्रलोभन में फंसे बिना अपने ध्येय तक पहुंच सका। तुम्हें मैं आधा नहीं पूरा राजपाट दूंगा। तुम मेरे उत्तराधिकारी बनोगे।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि." के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com **कार्यकारी संपादक :** राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।



# जनवरी 2025 में महाकुंभ में दिखेगा आस्था और आध्यात्म का अद्भुत संगम

**महाकुंभ में देश-दुनिया से करीब 25 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। इसलिए इसको यूपी के भव्य ब्रैंड के मौके के तौर पर देखा जा रहा है। यही वजह है कि बुनियादी सुविधाओं के साथ ही इस उत्सव के रंग को गाढ़ा करने की तैयारी है।**

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने अगले साल जनवरी में प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ को भव्य बनाने की तैयारियां तेज कर दी हैं। इस दौरान प्रयागराज को आध्यात्म व संस्कृति के मेगा शो केस के तौर संस्कृति ग्राम के रूप में बसाया जाएगा। वहीं 5 एकड़ में बसने वाले इस संस्कृति ग्राम में करीब 45 दिनों तक तमाम आयोजन होंगे। इसमें सनातन परंपरा की झलक देखने को मिलेगी। संस्कृति ग्राम में वर्चुअल रियलिटी और ऑग्मेंटेड रियलिटी के माध्यम से श्रद्धालुओं को महाकुंभ के विभिन्न सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और ऐतिहासिक पहलुओं दिखाया जाएगा। इस मेला में 30 भव्य थीम आधारिक द्वारों का निर्माण होगा।

### पहुंचेंगे करोड़ों श्रद्धालु

महाकुंभ में देश-दुनिया से करीब 25 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। इसलिए इसको उत्तर प्रदेश के भव्य ब्रैंड के मौके के तौर पर देखा जा रहा है। यही वजह है कि बुनियादी सुविधाओं के साथ ही इस उत्सव के रंग को गाढ़ा करने की तैयारी है। पर्यटन विभाग ने संस्कृति ग्राम के लिए एजेंसी के चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसमें 20 स्टॉल भी प्रदर्शित किए जाएंगे, जिसमें शिल्प और स्थानीय हस्तकला को तरहीज दी जाएगी। महाकुंभ के संस्कृति ग्राम को ऑग्मेंटेड रियलिटी वर्चुअल रिएलिटी का हब बनाया जाएगा। महाकुंभ के आध्यात्मिक, पौराणिक और ऐतिहासिक महत्व को दर्शाया जाएगा। महाकुंभ की यात्रा को विभिन्न कालखंडों में इन माध्यमों से दिखाया जाएगा। संस्कृति ग्राम को विभिन्न जोन जैसे- पौराणिक कथाओं, ऐतिहासिक अभिलेख, प्राचीन संस्कृति, ज्योतिष, कला एवं संवाद के अलग-अलग जोन में बाटा गया था।

### राजा हर्षवर्धन के दान और चरक संहिता भी दिखेगी

महाकुंभ के संस्कृति ग्राम में कन्नौज के राजा हर्षवर्धन द्वारा अपनी समस्त संपत्ति की दान किए जाने का चित्रण भी मिलेगा। महाकुंभ से जुड़े सभी स्थलों की विशेषता, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संदर्भों को 360 डिग्री वर्चुअल एक्सपीरियंस, मल्टीमीडिया डिस्प्ले और इंटरैक्टिव कियोस्क के माध्यम से जाना जाएगा। वेद, पुराण और चरक संहिता व प्राचीन ज्योतिष शास्त्रों का प्रदर्शनी स्थल पर उल्लेख किया जाएगा। साथ ही भारत के सभी प्राचीन विश्वविद्यालय का भी जिक्र किया जाएगा। मेन स्टेज पर रोजाना संगीत, शास्त्रीय और लोकनृत्य की प्रस्तुतियां होंगी। इसके अलावा नाटक, फूड स्टॉल्स, क्राफ्ट वर्कशॉप, डांस-म्यूजिक वर्कशॉप और कुकिंग आदि का भी आयोजन होगा। वहीं महाकुंभ घूमने आने वाले पर्यटकों के लिए गाइड और सूचना केंद्र की भी सुविधा होगी।

### देवताओं और मंथन पर आधारित द्वार

बता दें कि महाकुंभ मेला में यूपी पर्यटन विभाग 30 बेहद भव्य द्वारों का निर्माण कराएगा। इनके द्वारों के नाम स्वास्तिक द्वार, डमरू द्वार, शंख द्वार, कामधेनु द्वार, लक्ष्मी द्वार, ओम द्वार, शिवलिंग द्वार, चंद्र द्वार, कलश द्वार, महाकुंभ लोगो द्वार, त्रिशूल द्वार, महाकुंभ 2025 द्वार, सूर्य द्वार, देव दल द्वार, कमल द्वार, गदा द्वार, धनुष द्वार, गंगा द्वार, कौस्तुभ द्वार, नंदी द्वार, संगम द्वार, नाग वासुकी द्वार, सुदर्शन चक्र द्वार, 14 रत्न कथा द्वार, कच्छप द्वार, कल्पवृक्ष द्वार, ऐरावत द्वार, समुद्र मंथन द्वार, रुद्राक्ष द्वार व अश्व द्वार हैं। साथ ही इन सभी द्वारों पर लैंप पोस्ट, सेल्फी प्वाइंट और पोर्टेबल टूरिस्ट इंफॉर्मेशन सेंटर का निर्माण किया जाएगा। थीम के अनुरूप ही सभी द्वार निर्मित किए जाएंगे। यह द्वार थीम के महत्व को दर्शाएंगे और यह पर्यटकों के आकर्षण का भी केंद्र होगा।

# गोदावरी के तट पर हर चार अंगुल पर तीर्थ

ब्रह्मपुराण में गोदावरी की महिमा के बारे में बताया गया है। महर्षि गौतम ने शंकर जी की कृपा से पृथ्वी पर इन्हें अवतरित किया। एक पुराण के अनुसार एक ब्राह्मणी योगाभ्यास करतेकरते गोदावरी बन गई। गोदावरी पश्चिम घाट त्र्यम्बक पर्वत से निकल कर बंगाल की खाड़ी में मिल जाती है। आयुर्वेद के अनुसार इसका जल औषधि है। ब्रह्मपुराण में कहा गया है कि गोदावरी के तट पर हर चार अंगुल पर तीर्थ हैं। गोदावरी की सात धाराएं निकलती हैं जिनके नाम हैं वशिष्ठा, कौषिकी, बृद्ध, गौतमी, भारतद्वाजी, आत्रेयी और तुल्या।



गोदावरी के प्रमुख तीर्थों में नासिक की महिमा बहुत मानी जाती है। यहां पर त्र्यम्बकेश्वर की गणना द्वादशज्योतिर्लिंग में की जाती है। भगवान राम ने यहीं पंचवटी में वनवास के कई साल बिताये थे। यहीं से सीता का हरण हुआ था। प्रत्येक बारह वर्ष पर जब बृहस्पति सिंह राशि में होते हैं तो नासिक में कुम्भ पर्व होता है। मुंबई से दिल्ली जाने वाले मार्ग पर नासिक रोड़ प्रसिद्ध स्टेशन है। नासिक और पंचवटी वास्तव में दोनों एक नगर हैं। गोदावरी दोनों के बीच से बहती है। दोनों ही तटों पर तीर्थों की भरमार है।

गोदावरी त्र्यम्बक के पास से निकलती है। वर्षा के बाद यहां बहुत अधिक जल नहीं रहता। गोदावरी पर कई पुल बने हैं। गोदवरी में रामकुण्ड, सीताकुण्ड, लक्ष्मणकुण्ड, धनुषकुण्ड आदि अनेक तीर्थ हैं। स्नान का मुख्य स्थान रामकुण्ड है। रामकुण्ड में कुछ दूरी पर अरुणा की धारा गोदावरी में गिरती है। इसे अरुणा संगम कहते हैं। इसके पास सूर्य, चंद्र, अश्विनी तीर्थ हैं। लोग यहां कपड़े पहनकर स्नान करते हैं। रामकुण्ड के पीछे सीताकुण्ड है। पास में द्विमुखी हनुमान की प्रतिमा है। वहीं हनुमान कुण्ड, दशाश्वमेध तीर्थ हैं। पास में नारो शंकर मंदिर है। उसके आगे पेशवा कुण्ड, खण्डोवा कुण्ड, ओक कुण्ड, वैशम्पायन कुण्ड, इन्द्र कुण्ड, मुक्तेश्वर कुण्ड हैं। इसी गोदावरी में अहिल्या संगम तीर्थ है। सभी कुण्डों पर स्नानध्यान, पिण्डदान और तर्पण किये जाते हैं।

रामकुण्ड के ऊपर गंगाजी का मंदिर है। पास में गोदावरी मंदिर है। यह बारह वर्ष में केवल एक बार खुलता है। मंदिर के सामने बाणेश्वर शिवलिंग है। पास ही राम मंदिर है जिसे अहिल्याबाई ने स्थापित किया था। वहीं कुछ सीढ़ी ऊपर कपालेश्वर शिव मंदिर है। कपालेश्वर से दो फर्लांग की दूरी पर विशाल राम मंदिर काले पत्थर से निर्मित है। वहीं पंचवटी है जहां पांच बरगद के वृक्ष हैं। बरगद के वृक्ष के पास सीता गुफा है। सीता गुफा के पास ही भगवान नटराज की मूर्ति है। पास में ही राम गया तीर्थ है। पंचवटी के पुल के पास सुन्दरनारायण भगवान की मूर्ति है। यहां के प्रसिद्ध अन्य मंदिर निम्न हैं उमा महेश्वर, नील कण्ठेश्वर, पंचरत्नेश्वर, गोराराम मंदिर, मुरलीधर, तिलभाण्डेश्वर, भद्रकाली, एकमुखदन्त एवं मुक्तेश्वर की अत्यन्त सुंदर कलापूर्ण मंदिर हैं।

जहां गोदावरी में कपिला नामक नदी मिलती है वही तपोवन है। यहीं शूर्पणखा की नाक लक्ष्मण ने काटी थी। यहां आठ तीर्थ हैं ब्रह्म तीर्थ, शिव तीर्थ, विष्णु तीर्थ, अग्नि तीर्थ, मुक्ति तीर्थ, कपिला तीर्थ और संगम तीर्थ। इन तीर्थों के पास कई मंदिर हैं। नासिक से दस किमी की दूरी पर गंगापुर प्रपात है लेकिन अब यह प्रप्रात लुप्त हो गया है लेकिन यहां अनेक छोटेछोटे तीर्थ हैं। थोड़ी दूरी पर सीता सरोवर है जहां चारपांच कुण्ड हैं। नासिक से कुछ दूरी पर हाकली गांव में समर्थ रामदास द्वारा स्थापित हनुमान जी की मूर्ति है जो गोबर द्वारा निर्मित है। थोड़ी दूर पहाड़ी पर रामशैय्या है। वहां दोतीन गुफाएं हैं। पाण्डव गुफा नासिक से कुछ दूरी पर है। यहां कुल 23 गुफाएं हैं। यहां हर गुफा में बुद्ध की मूर्ति है। तीफाड़ तहसील में मृगव्याधेश्वर शिव मंदिर है। कहते हैं भगवान राम ने मारीच को यहीं मारा था। नासिक से 40 किमी की दूरी पर जटायु क्षेत्र है जहां जटायु का अंतिम संस्कार किया गया था।

# माता लक्ष्मी को प्रिय हैं 5 राशियां

## हमेशा भरा रहता धन-धान्य से भंडार

ज्योतिष के अनुसार, 12 राशियों में से कुछ राशियां माता लक्ष्मी के बेहद प्रिय मानी जाती है। माता लक्ष्मी की कृपा पाने के लिए लोग क्या-क्या नहीं करते हैं। लेकिन कुछ राशियों पर मां लक्ष्मी सदैव अपनी कृपा बरसाती रहती है। इन राशियों की तिजोरी हमेशा धन से भरी रहती है। धन और धान्य की कभी भी कमी नहीं होती है। यह 5 राशियां दान-पुण्य के कार्य में भी सबसे आगे रहते हैं।

**मीन राशि :** मीन राशि के लोग कर्मठ और मेहनती स्वभाव के होते है। यह लोग अपनी मेहनत से मां लक्ष्मी को प्रसन्न करते हैं। मीन राशि वालों को पैतृक संपत्ति का लाभ भी मिलता है। इसके साथ ही



उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनी रहती है।

**तुला राशि :** तुला राशि के जातकों पर माता लक्ष्मी की विशेष कृपा बनीं रहती है। इन्हें कभी आर्थिक तंगी का सामना नहीं करना पड़ता है। माता लक्ष्मी तुला राशि के जातकों से सदैव प्रसन्न रहती है। ऐसे लोग हमेशा सुख-समृद्धि का सुख प्राप्त करते है।

**वृषभ राशि :** वृषभ राशि के स्वामी शुक्र ग्रह है, जो धन और संपत्ति के प्रतीक हैं। ऐसे में जातकों पर माता लक्ष्मी की विशेष कृपा होती है। इन लोगों को कारोबार में काफी लाभ मिलता है।

**सिंह राशि :** सिंह राशि के जातक के लोग मजबूत इरादे और तेज दिमाग होता है। इस राशि के जातक मददगार स्वभाव और मिलनसार के होते हैं। यह लोग मेहनत के जरिए हर क्षेत्र में कामयाबी प्राप्त करते हैं। मां लक्ष्मी की इन पर खूब कृपा बरसाती है।

# दिसंबर महीने में कौन से पड़ने वाले हैं व्रत-त्योहार

साल का आखिरी माह दिसंबर की शुरुआत रविवार से एक तारीख से शुरू हो गई है। साल के अंतिम माह दिसंबर में पड़ने वाले त्योहार इस माह में बेहद खास माने जाते हैं। विवाह पंचमी, मोक्षदा एकादशी, सफला एकादशी समेत ईसाइयों का त्योहार क्रिसमस भी मनाया जाएगा। आइए जानते हैं दिसबंर में कौन से व्रत-त्योहार पड़ने वाले हैं :-

### कब शुरु होगा खरमास?

खरमास 15 दिसंबर से शुरु हो रहा है और यह 13 जनवरी तक रहेगा। खरमास के दौरान शुभ कार्य वर्जित होते हैं, जैसे कि शादी-विवाह, गृह प्रवेश और मुंडन आदि। ज्योतिष के अनुसार, जब सूर्य देव ब्रहस्पति की राशि धनु और मीन प्रवेश करते हैं, खरमास शुरु होता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, खरमास का महीना शुभ नहीं माना जाता है। बता दें कि, खरमास साल में दो बार आता है। अब यह 15 दिसंबर से शुरू हो रहा है। वहीं, शादियों का पांच शुभ मुहूर्त 4, 5, 9, 10 और 14 को विवाह के शुभ मुहूर्त हैं।

## खरमास 15 दिसंबर से शुरु हो रहा है



### प्रमुख व्रत त्योहार

- **विवाह पंचमी :** भगवान राम और माता सीता का स्मरण कर पूजा-आराधना जाते हैं।
- **चम्मा षष्ठी:** इस दिन मां चंपेश्वरी की आराधना की जाती है।
- **मोक्षदा एकादशी:** मोक्षदा एकादशी व्रत मोक्ष प्राप्ति के लिए भगवान विष्णु का व्रत रखकर आराधना की जाती है।
- **दत्तात्रेय जंयती :** दत्तात्रेय ब्रह्मा, विष्णु और महेश के अवतार माने जाते हैं। इस दिन भक्त जन व्रत रखते हैं और विधिवत पूजा करते हैं।
- **सफला एकादशी:** भगवान विष्णु की विधिवत पूजा व व्रत करने से घर में सुख-समृद्धि का वास होता है।

# राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष:** यात्रा लाभदायक रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। कोई बड़ी समस्या का हल सहज ही होगा। समय अनुकूल है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

**वृष:** परिवार के किसी व्यक्ति के स्वास्थ्य पर खर्च होगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। चिंता तथा तनाव रहेंगे। जल्दबाजी न करें। विवाद को बढ़ावा न दें। फालतू खर्च होगा। अपेक्षाकृत कार्यों में विलंब होगा।

**मिथुन:** आय में वृद्धि होगी। लाभ में वृद्धि होगी। कारोबार में वृद्धि होगी। शेयर मार्केट से लाभ होगा। व्यापार ठीक चलेगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। समय की अनुकूलता का लाभ लें। यात्रा लाभदायक रहेगी।

**कर्क:** आर्थिक उन्नति की योजना बनेगी। व्यापार लाभदायक रहेगा। कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है। नए उपक्रम प्रारंभ हो सकते हैं। कार्यसिद्धि होगी। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। मान-सम्मान मिलेगा।

**सिंह:** नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। दुष्टजनों से सावधान रहें। प्रमाद न करें। धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। तीर्थयात्रा की योजना बनेगी। कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**कन्या:** बनते कामों में विघ्न आ सकते हैं। चिंता तथा तनाव रहेंगे। बेकार बातों की तरफ ध्यान न दें। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय होगी। फालतू खर्च होगा। विवाद को बढ़ावा न दें। चोट व दुर्घटना के प्रति सावधानी आवश्यक है।

**तुला:** स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। समय की अनुकूलता का लाभ लें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रह सकता है। जोखिम न उठाएं।

**वृश्चिक:** प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। व्यापार लाभदायक रहेगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। मानसिक बेचैनी रहेगी। सभी तरफ से सफलता प्राप्त होगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा।

**धनु:** रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। पार्टी व पिकनिक का आनंद प्राप्त होगा। मित्रों के साथ समय मनोरंजक व्यतीत होगा। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। रोजगार मिलेगा।

**मकर:** मेहनत अधिक होगी। लाभ के अवसर टलेंगे। मानसिक बेचैनी रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। लाभ होगा। कोई बड़ी बाधा उठ खड़ी हो सकती है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

**कुंभ:** व्यापार लाभदायक रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। ऐश्वर्य के साधनों पर खर्च होगा। घर-बाहर सुख-शांति रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। प्रमाद न करें। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**मीन:** उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। आत्मसम्मान बना रहेगा। बुद्धि का प्रयोग करेंग। कार्य में सफलता मिलेगी। पार्टनरों का सहयोग प्राप्त होगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। लाभ में वृद्धि होगी।

# लक्ष्मी योग हथेली पर बनने वाला एक विशेष योग

लक्ष्मी योग हथेली पर बनने वाला एक विशेष योग है ऐसा तब होता है जब हथेली का कई योग एक साथ मिलता है होता है। जो धन देवी लक्ष्मी का प्रतीक है। यह योग कई रूपों में बन सकता है।



### त्रिभुज योग

हथेली के बुध पर्वत (छोटी उंगली के नीचे का भाग) पर त्रिभुज का निर्माण लक्ष्मी योग का संकेत देता है। माना जाता है कि ऐसे योग हो तो जातक के एक से अधिक मकान बन सकते हैं।

कमल योगः

हथेली के केंद्र में कमल के फूल जैसा चिह्न बनना भी लक्ष्मी योग का प्रतीक माना जाता है।

### शंख योग

हथेली के शुक्र पर्वत (अंगूठे के नीचे का भाग) पर शंख जैसा चिह्न बनना भी लक्ष्मी योग का संकेत हो सकता है।

### अंगूठे का विशेष चिह्न

अगर अंगूठे के नाखून के नीचे त्रिकोण या रेखा का चिह्न हो तो यह भी लक्ष्मी योग का प्रतीक माना जाता है।

### कैसे बदल सकती है किस्मत?

जिनके हाथ में त्रिभुज योग, कमल योग, शंख योग आदि एक साथ होते हैं तो उसे लक्ष्मी योग माना जाता है। ऐसे व्यक्तियों के जीवन में धन, समृद्धि, और ऐश्वर्य प्राप्त होता है। मान्याताओं के अनुसार ऐसे व्यक्ति को बहुत कम मेहनत में ही अधिक धन की आमदनी होती है। लक्ष्मी योग से युक्त व्यक्ति भौतिक सुख-सुविधाओं का आनंद लेता है और जीवन में उच्च पद प्राप्त करता है। इन व्यक्तियों में आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता भी प्रचुर मात्रा में होती है। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि लक्ष्मी योग का प्रभाव व्यक्ति की जन्मकुंडली और अन्य हस्तरेखा चिन्ह पर भी निर्भर करता है। अगर आपके हाथ में लक्ष्मी योग है तो यह आपके लिए शुभ संकेत।



प्रियंका जैन
9769994439

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



खबर संक्षेप

## हत्या के बाद व्यवसायियों ने बंद की दुकानें

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना में एक कारोबारी की गोली मारकर हत्या कर दी गयी है। इस घटना से आक्रोशित व्यवसायियों ने रविवार को भी अपनी दुकानें बंद रखी। मोकामा के मुख्य पार्षद और कई वार्ड पार्षदों ने दुकान बंद का समर्थन किया है। वहीं इस मामले में पुलिस ने मृतक की बहन को गिरफ्तार किया है। इस दौरान कोरोबारियों ने पुलिस प्रशासन से सुरक्षा की मांग की। बतादें कि जमीन विवाद में कपड़ा व्यवसायी की मोकामा बाजार में गोली मार कर हत्या कर दी गयी थी। मृतक की पहचान बेगूसराय के हरपुरा निवासी चंद्रमोह राय के तौर पर हुई है। मृतक अपने परिवार के साथ मोकामा के लहरिया टोला में किराए के मकान में रहता था।

परिजनों ने आरोप लगाया है कि जब मृतक दुकान बंद कर देर शाम अपने घर लौट रहा था, इसी बीच अपराधियों ने उसे गोली मारकर हत्या कर दी। हालांकि इस मामले में पुलिस ने मृतक की बहन को गिरफ्तार किया है। पुलिस इस घटना की जांच में जुटी है। वहीं व्यवसायियों ने पुलिस से मोकामा क्षेत्र में गश्ती बढ़ाए जाने की मांग की।

## नकाबपोशों ने इस्पातकर्मी को मारी गोली

**बोकारो।** बोकारो में सेक्टर-12 थाना क्षेत्र में एसबीआई के समीप शनिवार की देर रात को सेवानिवृत इस्पातकर्मी ललन सिंह (67 वर्षीय) को बाइक सवार तीन नकाबपोश अपराधियों ने सीने में गोली मारकर फरार हो गये। स्थानीय लोगों के हो-हल्ला मचाने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और इलाज के लिए बोकारो के जेनरल अस्पताल के आईसीयू वॉर्ड में दाखिल कराया। इसके बाद एसपी मनोज स्वर्गियारी, सिटी डीएसपी आलोक रंजन, सेक्टर-12 के थाना प्रभारी सुभाष सिंह घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। बोकारो के सेक्टर-12 थाना प्रभारी सुभाष सिंह ने रविवार को बताया कि घायल ललन सिंह की स्थिति स्थिर है। एक्स-रे में गोली सीने के अंदर नहीं दिख रही है। फिलहाल चिकित्सक की देखरेख में आईसीयू में इलाज चल रहा है। ललन सिंह बीएसएल के अग्निशमन विभाग में कार्यरत थे। शनिवार की रात को वे सेक्टर-2 ए आवास में थे। इस दौरान किसी ने उनको मोबाइल पर फोन कर बुलाया। इसके बाद वे सेक्टर- 12 गये थे। उसी वक्त अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया। फिलहाल उनका बयान नहीं लिया जा सका है। उनके होश में आने के बाद ही बयान लिया जा सकेगा। प्रारंभिक जांच में पुलिस को पता चला है कि सेक्टर- 12 में रहने वाले किसी व्यक्ति को ललन सिंह ने कर्ज दी थी। उस कर्ज की राशि लेने वह सेक्टर-12 गये थे।

संभल हिंसा

# न्यायिक आयोग की टीम अगले सप्ताह फिर आएगी

### अफसरों और पीड़ितों के दर्ज करेगी बयान

**नई दिल्ली।** न्यायिक जांच आयोग की टीम रविवार की सुबह 10.30 बजे संभल पहुंची। इसमें आयोग के अध्यक्ष हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश देवेंद्र अरोड़ा और सदस्य पूर्व डीजीपी एके जैन शामिल थे। सेवानिवृत्त अपर मुख्य सचिव अमित मोहन नहीं पहुंचे। आयोग अध्यक्ष औ सदस्य ने जामा मस्जिद पहुंचकर मस्जिद कमेटी से जानकारी ली। इसके बाद जामा मस्जिद के उस इलाके में पहुंचे जहां 24 नवंबर को बवाल हुआ था। मस्जिद के आसपास घटनास्थल का मुआयना किया। जहां पुलिस और भीड़ में झड़प हुई थी मौके पर मौजूद एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बवाल की जानकारी बिंदुवार बताई। इसके बाद टीम नखासा तिराहा और हिंदूपुरा खेड़ा पहुंची। दोनों स्थानों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने आयोग की टीम को भीड़ के एकत्र होने और बवाल के बाद लौटने वाले रास्ते दिखाए। इसके टीम लोकनिर्माण विभाग के गेस्ट हाउस पहुंची। वहां कुछ देर तक अधिकारियों से बातचीत की। इसके बाद रवाना हो गई। मुरादाबाद कमिश्नर आंजनेय कुमार सिंह ने बताया कि न्यायिक आयोग की टीम ने अभी घटनास्थल का मौका मुआयना किया है। सोमवार को टीम दोबारा आएगी और बयान दर्ज करने के साथ अन्य कार्रवाई पूरी करेगी। टीम द्वारा जो सवाल पुलिस प्रशासन के अधिकारियों से किए गए उनका जवाब दिया है। मस्जिद कमेटी से भी टीम ने बात की है। मालूम हो 24 नवंबर को संभल जामा मस्जिद का सर्वे होने के दौरान बवाल हो गया था। इस बवाल में पांच लोगों की मौत हो गई थी। इसी मामले की जांच के लिए न्यायिक जांच आयोग का गठन हुआ है।

### दो महीने तक चलेगी जांच, घटना की तह तक पहुंचा जाएगा




आयोग के अध्यक्ष हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश देवेंद्र अरोड़ा ने संभल से जाते हुए मीडिया से कहा कि यह जांच अभी दो महीने तक चलेगी। घटना की तह तक पहुंचा जाएगा। अभी आयोग की टीम ने घटना की प्राथमिक जानकारी हासिल की है और घटनास्थल का मुआयना किया है, जिससे स्थिति को समझा जा सके। अभी तो अधिकारी व आम लोगों के बयान दर्ज होने के साथ ही अन्य कार्रवाई को पूरा किया जाना बाकी है। इसके चलते ही दो महीने का समय लगेगा।

# डॉक्टर ने पंखे पर लटककर दी जान

**मोदीनगर।** यूपी के मोदीनगर स्थित डीजे डेंटल कॉलेज के महिला छात्रावास में डॉक्टर रेणूका यादव के मामले में पुलिस की जांच अभी जारी है। रेणूका तबीयत खराब होने की वजह से दो दिन से कॉलेज नहीं जा रही थी। लेकिन चौकाने वाली बात यह है कि छात्रावास के वॉर्डन के अनुसार रेणूका आत्मदाह से कुछ घंटे पहले यानी शुक्रवार शाम अपनी कुछ सहपाठियों के साथ बाजार और पॉलर गई थी। वॉर्डन ने रात 10 बजे की उपस्थिति भी भरी थी। मगर शनिवार सुबह रेणूका के कैमरे का दरवाजा नहीं खुला। मोबाइल पर लगातार कॉल की गई मगर कोई उत्तर नहीं मिला इसके बाद ही अनहोनी की आशंका पैदा हो गई थी।

मोदीनगर के निवाड़ी मार्ग स्थित डीजे डेंटल कॉलेज के महिला छात्रावास में शनिवार दोपहर रेजिडेंट डॉक्टर रेणूका यादव का शव कमरे में पंखें से लटका मिला था। डॉ. रेणूका ने करीब एक माह पूर्व ही एमडीएस प्रथम वर्ष में प्रवेश लिया था। पुलिस को उसके कमरे से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है। जिसमें उसने मरने के कारणों का स्पष्ट कारण तो नहीं लिखा लेकिन भावुक कर देने वाली बातें जरूर लिखीं।

### कमरा नंबर 302 में अकेली रहती थी रेणूका



हरियाणा के रेवाड़ी स्थित गांव कोसली निवासी रामेश्वर यादव सीआरपीएफ में उपनिरीक्षक हैं। रामेश्वर ने बताया कि उनकी 26 वर्षीय पुत्री रेणूका ने हरियाणा के सिरसा से बीडीएस किया था। डॉ. रेणूका ने लगभग एक माह पूर्व निवाड़ी स्थित डीजे डेंटल कॉलेज एमडीएस ऑरल सर्जरी में प्रवेश लिया था।

डॉ. रेणूका दिव्य ज्योति ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूसंस के महिला छात्रावास के कमरा नंबर 302 में अकेली रहती थी। तीन दिन पूर्व डॉ. रेणूका की तबीयत खराब हुई तो उसने कॉलेज से दो दिन की छुट्टी ले ली। शनिवार को उसे कॉलेज जाना था, मगर वह कॉलेज नहीं पहुंची।

### कमरे के अंदर देख निकल गई सबकी चींख

इसके बाद प्रोफेसर ने रेणूका को कॉल की, लेकिन बात नहीं हो पाई। दोपहर 12 बजे सहपाठी रेणूका के कमरे पर पहुंची तो दरवाजा बंद मिला। काफी देर तक आवाज देने के बाद भी कोई जवाब नहीं मिला तो सहपाठियों ने कॉलेज प्रशासन को मामले की जानकारी दी। इसके बाद वार्डन गीता भटनागर ने भी दरवाजा खुलवा ने का काफी प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। कारपेंटर कृष्ण कुमार को मौके पर बुलाया गया। सहपाठी और वार्डन कमरे में दाखिल हुई तो रेणूका यादव पंखे से फंदे पर लटकी मिली। यह देखकर उनकी चींख निकल गई।

यूपी बिजली निजीकरण विवाद


# मुख्य सचिव होंगे नई बिजली कंपनियों के अध्यक्ष

### बिजली कर्मी छह को करेंगे प्रदर्शन

एजेंसी । लखनऊ

दक्षिणांचल व पूर्वांचल विद्युत वितरण निगमों को विघटित कर बनने वाली पांच नई कंपनियों के अध्यक्ष मुख्य सचिव होंगे। कंपनियां डिस्कॉम की प्रार्पटी का किसी तरह का उपभोग नहीं कर पाएंगी। नई कंपनियों को लेकर शनिवार को पावर कॉर्पोरेशन की ओर से जारी बयान में बताया गया है कि मुख्य सचिव के अध्यक्ष होने से अधिकारियों, कर्मचारियों, किसानों एवं उपभोक्ताओं का हित सुरक्षित रहेगा। रिफॉर्म में शामिल होने वाली निजी कंपनियों के लिए बिडिंग पूरी तरह खुली और पारदर्शी होगी। इस प्रक्रिया में कंपनियों को जमीन का स्वामित्व नहीं दिया जाएगा। जमीन का स्वामित्व पावर कॉर्पोरेशन एवं राज्य सरकार का ही रहेगा। कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल ने बताया कि इलेक्ट्रिसिटी एक्ट-2003 की धारा-133 में स्पष्ट है कि किसी भी कार्मिक की छंटनी नहीं होगी।

### बिजलीकरण के खिलाफ होगा प्रदर्शन



बिजली के निजीकरण के फैसले के खिलाफ देशभर के बिजली कर्मचारी और इंजीनियर लामबंद हो गए हैं। नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर ने पूर्वांचल व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम और चंडीगढ़ पावर डिपार्टमेंट को निजी हाथों में सौंपने के खिलाफ 6 दिसंबर को पूरे देश में विरोध प्रदर्शन करने का फैसला लिया है। इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुभाष लांबा ने चेतावनी दी है कि अगर बिजली के हितधारकों (कर्मचारियों एवं उपभोक्ताओं) के शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से किए जा रहे विरोध की अनदेखी करके जल्दबाजी में निजीकरण के फैसले को अमलीजामा पहनाने का प्रयास किया तो जिस दिन निजी कंपनी टेकओवर करेगी ।

## बौद्ध धर्म के अनुयाइयों की बस दुर्घटनाग्रस्त, दर्जन भर घायल



**प्रयागराज।** कोखराज में प्रयागराज-कानपुर हाईवे पर ओवरटेक करने के चक्कर बौद्ध धर्म के अनुयाइयों की टूरिस्ट बस रोड रोलर से टकरा गई। हादसे में दर्जन भर से अधिक बौद्ध पर्यटक घायल हो गए। हादसा दिन में करीब ढाई बजे हुआ। सभी घायल कंबोडिया के हैं और भारत भ्रमण के दौरान कौशाम्बी बौद्ध स्थल का दर्शन करने के लिए जा रहे थे। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोखराज थाना क्षेत्र में दिल्ली से कौशाम्बी भ्रमण पर आए बौद्ध श्रद्धालुओं की टूरिस्ट गाड़ी नेशनल हाईवे पर चल रहे रोड रोलर से टकरा गई। हादसे में दर्जन भर टूरिस्ट घायल हो गए। मौके पर पहुंचे लोगों और पुलिस ने सभी घायलों को नजदीक के निजी अस्पताल में इलाज कराया और अपनी गाड़ी से गंतव्य स्थान तक पहुंचाने की व्यवस्था की। इस दौरान कोई भी श्रद्धालु गंभीर घायल नहीं हुआ।

# प्रेम-प्रसंग में मर्डर

## प्रेमिका के पिता को मौत के घाट उतारा

**पूर्णिया।** बिहार में प्रेम-प्रसंग में हत्या के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। पूर्णिया और समस्तीपुर में भी अलग-अलग घटना में दो लोगों की हत्या हुई है। पूर्णिया में प्रेम-प्रसंग में एक महिला की हत्या करके शव को बहियार में फेंक दिया गया। मृतका से शादी करने के लिए एक युवक लगातार दबाव बना रहा था। वहीं युवती का शव मिलने से सनसनी फैली है। उधर, समस्तीपुर में एक सनकी ने अपनी प्रेमिका के पिता की हत्या चाकू मारकर कर दी।




### प्रेम प्रसंग में युवती की हत्या

पूर्णिया जिला के धमदाहा में प्रेम-प्रसंग में एक महिला की हत्या का मामला सामने आया है। शनिवार को धमदाहा थानाक्षेत्र के किशनपुर बलुआ पंचायत के कुकरौन नम्बर 01 वार्ड 07 के सत्संग भवन के पास बहियार में एक युवती का शव पड़ा मिला। एक ग्रामीण महिला की जब नजर शव पर पड़ी तो उसकी पहचान कुकरोन नम्बर 01 निवासी मनोरमा देवी की पुत्री सोनी कुमारी (24) के रूप में हुई । जिसके बाद ग्रामीण ने युवती के परिजन को इसकी सूचना दी। एसडीपीओ संदीप गोल्डी ने बताया कि प्रथमदृष्टया यह हत्या का मामला प्रतीत होता है।

### मृतका से शादी के लिए जिद कर रहा था आरोपी

मृतका की मां ने पुलिस को बताया कि बालूटोल कसमरा निवासी कुछ युवक उसकी बेटी के पीछे पड़े थे। उनमें एक युवक कई बार उसे धमकी दे रहे थे कि मृतका सोनी की शादी उसके साथ करा दे। वह हथियार दिखाकर मर्डर की भी धमकी देता था। मृतका के पिता ने कुछ गांव वालों की भी भूमिका इसमें बतायी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।





# अब 15 दिसंबर तक दाखिल कर सकेंगे आयकर रिटर्न

### केंद्र का पूंजीगत खर्च 25% बढ़ने की उम्मीद

एजेंसी । नई दिल्ली

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने अंतरराष्ट्रीय लेन-देन करने वाले करदाताओं के लिए वित्त वर्ष 2023-24 के लिए आयकर रिटर्न दाखिल करने की समयसीमा 15 दिन और बढ़ाकर 15 दिसंबर कर दी है। यह सुविधा ऐसे करदाताओं को दी गई है, जिन्हें धारा 92ई में संदर्भित रिपोर्ट पेश करने की जरूरत होती है। पहले आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 139(1) के तहत आयकर रिटर्न दाखिल करने की आखिरी तारीख 30 नवंबर थी।




### सरकार के कुल खर्च में 15 प्रतिशत का इजाफा

केंद्र सरकार दूसरी छमाही यानी अक्तूबर से मार्च के बीच पूंजीगत खर्च में सालाना आधार पर 25 फीसदी की वृद्धि कर सकती है। सरकार के कुल खर्च में भी 15 फीसदी का इजाफा हो सकता है। चुनावों के दौरान लोकलुभावन योजनाओं में वृद्धि के बावजूद, केंद्र बुनियादी ढांचे के विकास में निवेश करने के प्रति प्रतिबद्ध है।


### जेफरीज की रिपोर्ट

जेफरीज की रिपोर्ट के अनुसार, राज्यों के चुनावों के दौरान लोकलुभावन नीतियों ने रफ्तार पकड़ी है। केंद्र सरकार की प्राथमिकताएं कल्याण-संचालित उपायों के बजाय बुनियादी ढांचे के विकास में निवेश करने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य चुनावों में जरूरतमंद लोगों को दी जाने वाली मदद जैसी योजनाओं से खर्च बढ़ेगा।

### चिप आयात निगरानी प्रणाली पर सरकार का फैसला

सरकार ने चिप आयात निगरानी प्रणाली के तहत कुछ इलेक्ट्रॉनिक एकीकृत सर्किट के अनिवार्य पंजीकरण को हटा दिया है। इस प्रणाली के तहत इन वस्तुओं के आयातकों को आयात के लिए एक ऑनलाइन प्रणाली में अग्रिम जानकारी प्रदान करनी होगी और पंजीकरण शुल्क की एक निश्चित राशि का भुगतान करके पंजीकरण संख्या प्राप्त करनी होगी। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) की अधिसूचना के अनुसार, "चिप आयात निगरानी प्रणाली के तहत अनिवार्य पंजीकरण की आवश्यकता को तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया गया है।

## वाणिज्यिक सिलेंडर के दाम 16.5 रुपए बढ़े



एजेंसी । नई दिल्ली

सरकारी तेल कंपनियों ने रविवार को होटल और रेस्तरां में इस्तेमाल होने वाले वाणिज्यिक एलपीजी की कीमत में 16.5 रुपये प्रति 19 किलोग्राम सिलेंडर की वृद्धि कर दी है। दिल्ली में यह सिलेंडर अब दिल्ली में 1818.50 रुपये में मिलेगा। वहीं, घरेलू रसोई गैस सिलेंडर के दाम में कोई बदलाव नहीं किया गया है। वाणिज्यिक एलपीजी की कीमत में यह लगातार पांचवीं मासिक बढ़ोतरी है। पिछले महीने नवंबर में ही इस सिलेंडर की कीमत में 62 की बढ़ोतरी हुई थी। अक्तूबर में यह सिलेंडर 1740 में मिल रहा था। इस माह के दाम 48.50 रुपये बढ़े थे। वहीं, एक सितंबर को 39 और एक अगस्त को 6.50 रुपये का इजाफा किया गया था।

इसी के साथ विमान ईंधन (एफटीए) की कीमतों में भी वृद्धि की गई है। राष्ट्रीय राजधानी में एटीएफ की कीमत 1,318.12 रुपये प्रति किलोलीटर या 1.45 प्रतिशत बढ़कर 91,856.84 रुपये प्रति किलोलीटर हो गई। विमान ईंधन की कीमतों में यह लगातार दूसरी मासिक वृद्धि है।

ऊंची कीमतों का असर

# गोल्ड लोन सात माह में 50 फीसदी बढ़ा

### पर्सनल लोन सहित कुल कर्ज में वृद्धि दर 9% से नीचे

एजेंसी । नई दिल्ली

सोने की कीमतों में हालिया तेजी ने उधार लेने वालों के लिए मौका दे दिया है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंकड़ों के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष के पहले सात महीनों यानी अप्रैल से अक्तूबर के दौरान गहनों के एवज में दिए जाने वाले कर्ज में 50.4 फीसदी का इजाफा हुआ है। यह तेज वृद्धि तब हुई है, जब हर दूसरे पर्सनल लोन सेगमेंट में उधारी की दर 9 फीसदी से भी कम रही है।

### सालाना आधार पर 56% की बढ़ोतरी



आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, 18 अक्तूबर तक सोने के एवज में दिया गया कुल कर्ज 1,54,282 करोड़ रुपये था। मार्च, 2024 के अंत में यह 1,02,562 करोड़ रुपये था। सालाना आधार पर इसमें 56% की बढ़ोतरी हुई है। अक्तूबर, 2023 में केवल 13 फीसदी की बढ़त थी। बैंकरों का कहना है कि गोल्ड लोन में बढ़ोतरी के कई कारण हो सकते हैं।

### सोने की कीमत प्रति दस ग्राम 80 हजार के करीब तक पहुंची

इनमें गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) के नियमों में बदलाव और असुरक्षित ऋणों की तुलना में सुरक्षित ऋणों को प्राथमिकता देना शामिल है। कुछ विश्लेषक गोल्ड लोन की बढ़ती मांग को वित्तीय संकट का संकेत भी मानते हैं।

# महंगे कर्ज से दिसंबर में राहत संभव

## जीडीपी वृद्धि दर में गिरावट से आरबीआई पर बढ़ा दबाव

**नई दिल्ली।** जीडीपी वृद्धि दर में दूसरी तिमाही में भारी गिरावट से आरबीआई पर दरों को कम करने का दबाव बढ़ गया है। अर्थशास्त्रियों का मानना है कि महंगाई को काबू में करने के बजाय अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने पर जोर होना चाहिए। ऐसे में आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति दिसंबर में दरों में कटौती का फैसला कर सकती है। बैठक का फैसला 6 दिसबंर को घोषित होगा।

### अर्थशास्त्री टेरेसा का तर्क

निर्मल बंग इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज की अर्थशास्त्री टेरेसा जॉन ने कहा, उम्मीद से अधिक मंदी मौद्रिक नीति की कहानी को बदल सकती है। दिसंबर में दर में कटौती की अब ज्यादा संभावना है। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के अर्थशास्त्री गौरा सेन गुप्ता ने कहा, दिसंबर से दर कटौती चक्र शुरू हो सकता है।

# ईपीएफओ ने 'सेवानिवृत्ति निधि' को लेकर किया एलान

### बकाया भविष्य निधि जमा पर नहीं लगेगा जुर्माना

**नई दिल्ली।** सेवानिवृत्ति निधि का प्रबंधन करने वाले निकाय ईपीएफओ ने शनिवार को नियोक्ताओं के लिए एक माफी योजना को मंजूरी दी। इस योजना के तहत अब बिना किसी दंड के पिछले भविष्य निधि बकाया को जमा करने की अनुमति मिलेगी। योजना का लाभ उठाने के लिए नियोक्ताओं की ओर से एक साधारण ऑनलाइन घोषणा करनी होगी। श्रम मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि श्रम मंत्री मनसुख मंडाविया की अध्यक्षता में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के शीर्ष निर्णय लेने वाले निकाय केंद्रीय न्यासी बोर्ड (सीबीटी) ने शनिवार को केंद्र सरकार को ईपीएफओ माफी योजना 2024 की सिफारिश की।



# सिंधु और लक्ष्य ने खत्म किया खिताबी सूखा

एजेंसी | लखनऊ

स्टार भारतीय शटलर पीवी सिंधु ने आखिरकार 26 माह जबकि लक्ष्य सेन ने 16 माह का खिताबी सूखा खत्म कर ही लिया। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधु रविवार को सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में महिलाओं के एकल वर्ग में चैंपियन बनीं। वहीं लक्ष्य ने पुरुष वर्ग में खिताब जीता। सिंधु ने 47 मिनट तक चले फाइनल में चीन की वू लुओ यू को 21-14, 21-16 से पराजित किया। उन्होंने अपना पिछला खिताब जुलाई 2022 में सिंगापुर ओपन में जीता था। इस साल वह मई में मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 के फाइनल में भी पहुंचीं थीं। 31 मिनट में जीते लक्ष्य सेन ने अपना लक्ष्य मात्र 31 मिनट में हासिल कर लिया। पेरिस ओलंपिक





के सेमीफाइलिस्ट लक्ष्य के दमदार स्मैश का सिंगापुर के जिया हेंग जेसन के पास कोई जवाब नहीं था। लक्ष्य ने आसानी से मुकाबला 21-6, 21-7 से जीत लिया। उत्तराखंड के अल्मोड़ा के 23 वर्षीय लक्ष्य ने इससे पहले अपना आखिरी खिताब जुलाई 2023 में कनाडा ओपन के रूप में जीता था।

### तीसरी बार तीन खिताब

पिछले साल साल में पहली जबकि कुल तीसरी बार भारतीय खिलाड़ियों ने इस टूर्नामेंट में तीन खिताब जीते। इससे पहले 2017 में समीर वर्मा और साइना ने एकल जबकि प्रणव चोपड़ा और एन सिक्की रेड्डी ने मिश्रित ट्रॉफी जीती थी। वहीं शुरुआती संस्करण 2009 में चेतन आनंद और साइना ने एकल तो अरुण विष्णु और अपर्णा बालन मिश्रित युगल में चैंपियन बने थे।

### साइना की बराबरी की

सिंधु ने तीसरी बार यह ट्रॉफी जीतकर साइना नेहवाल के रिकॉर्ड की बराबरी की। वह इससे पहले 2017 और 2022 में यह ट्रॉफी जीत चुकी हैं। वहीं साइना ने 2009, 2014 और 2015 में यह खिताब जीता था।

### गायत्री-त्रिसा पहली भारतीय जोड़ी

गायत्री गोपीचंद और त्रीसा जॉली महिला युगल में चैंपियन बनने वाली पहली भारतीय जोड़ी बनी। दो साल पहले उपविजेता रहने वाली गायत्री-त्रिसा की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने फाइनल में चीन की बाओ ली जिंग और ली कियान को 41 मिनट में 21-18, 21-11 से शिकस्त दी। राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय जोड़ी चीन में सत्र के अंत में होने वाले विश्व टूर फाइनल्स के लिए क्वालीफाई कर चुकी है।

### मिश्रित और पुरुष युगल में चूके

भारतीय खिलाड़ियों ने सभी पांच वर्गों में खिताबी मुकाबलों में जगह बनाई थी। हालांकि मिश्रित युगल और पुरुष युगल में भारतीय जोड़ियां खिताब से चूक गईं। पृथ्वी कृष्णमूर्ति रॉय और साई प्रतीक को कड़े फाइनल में चीन के हुआंग डि और लियू यांग के हाथों 14-21, 21-19, 17-21 से हार झेलनी पड़ी। यह मुकाबला एक घंटे 11 मिनट तक चला। वहीं, तनीषा क्रास्टो और ध्रुव कपिला को थाईलैंड के डेचापोल पुआवारानुक्रोह और सुपिसारा पाएवसम्प्रान से पहला गेम जीतने के बावजूद 21-18, 14-21, 8-21 से मात मिली। तनीषा ने 2022 में ईशान भटनागर के साथ यह खिताब जीता था।

# जय शाह आईसीसी के सबसे युवा अध्यक्ष

## आईसीसी के नए अध्यक्ष जय के सामने चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन चुनौती

एजेंसी | दुबई



भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के निवर्तमान सचिव जय शाह ने रविवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभाल लिया। न्यूजीलैंड के ग्रेग बार्कले की जगह लेने वाले 36 वर्षीय शाह सबसे युवा अध्यक्ष हैं। उनका तात्कालिक लक्ष्य चैंपियंस ट्रॉफी को लेकर उत्पन्न गतिरोध को समाप्त करने का होगा। यह टूर्नामेंट 19 फरवरी से पाकिस्तान में खेला जाना प्रस्तावित है। लेकिन सरकार से अनुमति ना मिलने का हवाला देते हुए बीसीसीआई के पाकिस्तान जाने से मना करने के चलते अभी तक इस टूर्नामेंट का कार्यक्रम घोषित नहीं किया गया है। लेकिन इस पर उन्होंने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने फिलहाल 'हाइब्रिड मॉडल' को स्वीकार करने का फैसला किया है। इसके तहत भारत के दुबई में अपने मैच खेलने की संभावना है। पीसीबी इस फैसले के बदले यह चाहता है कि 2031 तक उन सभी चार आईसीसी टूर्नामेंटों में पाकिस्तान को भी यही सम्मान दिया जाए, जिनकी मेजबानी या सह-मेजबानी भारतीय क्रिकेट बोर्ड करेगा। चैंपियंस ट्रॉफी के शुरू होने में 100 से भी कम दिन बचे है। जय को बिना किसी परेशानी के टूर्नामेंट आयोजित करने के लिए स्वीकार्य समाधान के लिए पीसीबी और बीसीसीआई में अपने पूर्व सहयोगियों दोनों के साथ समन्वय बनाना होगा।

### बीसीसीआई सचिव के रूप में उपलब्धियां

- उनके कार्यकाल के दौरान घरेलू मैच फीस में कई गुना वृद्धि हुई है
- टेस्ट क्रिकेट की लोकप्रियता को बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय खिलाड़ियों के लिए टेस्ट क्रिकेट प्रोत्साहन बोनस शुरू किया -
- महिला प्रीमियर लीग की शुरुआत के साथ पुरुष और महिला राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ियों के लिए मैच फीस को एक समान करना
- सभी खिलाड़ियों (टीम इंडिया) का घरेलू क्रिकेट में खेलना जरूरी करना

### पांचवें भारतीय

जय शाह इस वैश्विक संस्था का नेतृत्व करने वाले पांचवें भारतीय हैं। वह आईसीसी के निदेशक मंडल की सर्वसम्मत पसंद थे। उनसे पहले व्यवसायी दिवंगत जगमोहन डालमिया, राजनेता शरद पवार, वकील शशांक मनोहर और उद्योगपति एन श्रीनिवासन यह जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। जय ने चैंपियंस ट्रॉफी पर कोई टिप्पणी किए बिना अपनी प्राथमिकताओं का जिक्र किया। इसमें लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक खेलों में क्रिकेट के शामिल होने के बाद इसके वैश्विक प्रसार को बढ़ावा देना और महिलाओं के खेल में विकास को गति देना शामिल है। उन्होंने कहा, यह खेल (क्रिकेट) के लिए एक रोमांचक समय है। हम लॉस एंजिल्स ओलंपिक खेलों की तैयारी कर रहे हैं।

# इंग्लैंड की 8 विकेट से जीत



एजेंसी | क्राइस्टचर्च

पहली पारी में हैरी ब्रूक के शतक (171) के बाद 'प्लेयर ऑफ द मैच ब्राइडन कार्स (छह विकेट) की कातिलाना गेंदबाजी और फिर दूसरी पारी में जेकब बेथेल (नाबाद 50) की मदद से इंग्लैंड ने पहले टेस्ट में न्यूजीलैंड को आठ विकेट से हरा दिया। मैच के चौथे दिन रविवार को इंग्लैंड के गेंदबाजों ने न्यूजीलैंड की टीम 254 रन पर समेट दी। फिर मेहमान टीम ने 12.4 ओवर में दो विकेट पर 104 रन बना लक्ष्य हासिल कर लिया। इसमें बेथल के अलावा जो रूट ने 20 नाबाद रन बना टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया।

# ब्रेथवेट ने लगातार सर्वाधिक टेस्ट खेलने का सोबर्स का रिकॉर्ड तोड़ा

एजेंसी | किंग्सटन




वेस्टइंडीज के कप्तान क्रैग ब्रेथवेट ने बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में उतरकर कैरेबियाई टीम की तरफ से लगातार सर्वाधिक मैच खेलने का गारफील्ड सोबर्स का 52 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। ब्रेथवेट का यह लगातार 86वां टेस्ट मैच था। वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान सोबर्स ने 1955 से लेकर 1972 तक लगातार 85 टेस्ट मैच खेले थे। उन्होंने 1974 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। अपना 96वां टेस्ट मैच खेल रहे ब्रेथवेट ने 2011 में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था लेकिन 2014 के बाद से उन्होंने कोई टेस्ट नहीं छोड़ा है।

लगातार सर्वाधिक टेस्ट मैच खेलने का विश्व रिकॉर्ड इंग्लैंड के पूर्व कप्तान एलिस्टर कुक के नाम पर दर्ज है। उन्होंने लगातार 159 टेस्ट मैच खेले थे। इस मामले में भारतीय रिकॉर्ड सुनील गावस्कर के नाम है जिन्होंने लगातार 106 टेस्ट मैच खेले थे। मैदान गीला होने के कारण मैच करीब पांच घंट से देरी से शुरू हुआ और 30 ओवर का खेल हुआ। इसमें बांग्लादेश ने दो विकेट पर 69 रन बनाए थे। पहले दिन का खेल खत्म होने पर शदमैन इस्लाम 50 और शहादत हुसैन 12 रन बनाकर खेल रहे थे। वेस्टइंडीज की तरफ से दोनों विकेट तेज गेंदबाज केमार रोच ने लिए हैं।

# हार्दिक संभालेंगे एचआईएल में यूपी रुद्रास की कमान

एजेंसी | लखनऊ



भारत के स्टार मिडफील्डर हार्दिक सिंह हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) के आगामी सत्र के लिए यूपी रुद्रास की कमान संभालेंगे। यदु स्पोर्ट्स के स्वामित्व वाली लखनऊ फ्रेंचाइजी की टीम में प्रियोबर्त तालेम और गुरजोत सिंह जैसे युवा खिलाड़ियों के अलावा भारत और अंतरराष्ट्रीय हॉकी के कुछ दिग्गज खिलाड़ी जैसे ललित कुमार उपाध्याय, सिमरनजीत सिंह, लार्स बाल्क और केन रसेल शामिल हैं।

# सूर्यकुमार मुंबई के लिए श्रेयस की कप्तानी में खेलेंगे



एजेंसी | नई दिल्ली

भारत की टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव मुंबई की तरफ से तीन दिसंबर को आंध्र के खिलाफ होने वाले सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के मैच से वापसी करेंगे। वह पारिवारिक समारोह में भाग लेने के लिए दो सप्ताह का ब्रेक लेने के बाद मैदान पर लौटेंगे। वह संभवतः इस मैच में कप्तानी नहीं करेंगे और श्रेयस अय्यर ही कमान संभालेंगे। सूर्यकुमार की अगुआई में भारत ने हाल में दक्षिण अफ्रीका को 3-1 से हराकर सीरीज जीती थी। वह आंध्र के खिलाफ होने वाले अगले मैच के लिए सोमवार को हैदराबाद में मुंबई की टीम से जुड़ेंगे। उन्हें श्रेयस की कप्तानी में खेलने में कोई दिक्कत नहीं है। वह मुंबई की तरफ से प्रत्येक प्रारूप में खेलना चाहते हैं। वह मुश्ताक अली ट्रॉफी के बाकी बचे मैचों के बाद 21 दिसंबर से शुरू होने वाली विजय हजारे ट्रॉफी में भी भाग लेंगे।



# चिरंजीवी के साथ काम करेंगे श्रीकांत ओडेला?



साउथ के निर्देशक श्रीकांत ओडेला इन दिनों अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'द पैराडाइज' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। उन्होंने हाल ही में इस फिल्म के शीर्षक का आधिकारिक एलान किया था। फिल्म में साउथ सुपरस्टार नानी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। वहीं, इस बीच अब श्रीकांत की अगली फिल्म के बारे में दिलचस्प जानकारी सामने आई है। खबर है कि वे एक बार फिर दिग्गज अभिनेता की फिल्म का निर्देशन करेंगे।

### फिल्म की कहानी पर जताई गई सहमति

अब, सोशल मीडिया पर श्रीकांत के तीसरे प्रोजेक्ट को लेकर चर्चा जोरों पर है। हाल ही में आई खबरों के अनुसार, मेगास्टार चिरंजीवी के साथ श्रीकांत की जोड़ी बनने की संभावना है। बताया गया कि श्रीकांत खुद चिरंजीवी के बहुत बड़े प्रशंसक हैं। ऐसे में उन्होंने हाल ही में चिरंजीवी को एक कहानी सुनाई है। दिलचस्प बात यह है कि चिरंजीवी को भी श्रीकांत की कहानी पसंद आई और उन्होंने इस परियोजना के लिए अपनी सहमति दे दी है। ऐसे में अगर दोनों एक फिल्म पर काम करते हैं तो युवा निर्देशक का बड़ा सपना पूरा हो जाएगा। अगर यह खबर सच है तो श्रीकांत के लिए अपने करियर की शुरुआत में ही अपने आदर्श अभिनेता के साथ काम करना एक शानदार मौका है। हालांकि, इन खबरों पर श्रीकांत ओडेला या चिरंजीवी की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। इस बात को लेकर भी अटकलें लगाई जा रही हैं कि कौन सा प्रोडक्शन हाउस इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट का निर्माण कर सकता है, लेकिन आधिकारिक पुष्टि अभी भी बाकी है। प्रशंसक श्रीकांत ओडेला या चिरंजीवी की ओर से किसी घोषणा का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

# राजकुमार राव और सान्या मल्होत्रा ने फिर मिलाया हाथ



अभिनेता राजकुमार राव को पिछली बार तृप्ति डिमरी के साथ फिल्म 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' में देखा गया था और अब प्रशंसक उनकी आगामी फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। खबर आ रही है कि राजकुमार ने अपनी अगली फिल्म के लिए एक बार फिर से अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा के साथ हाथ मिलाया है। इससे पहले दोनों साल 2022 में आई फिल्म 'हिट : द फर्स्ट केस' में साथ काम कर चुके हैं।



### आज से शुरू होगी फिल्म की शूटिंग

एक रिपोर्ट के मुताबिक, 'हिटः द फर्स्ट केस' के बाद राजकुमार और सान्या एक अन्य फिल्म के लिए फिर से साथ आ गए हैं। इस फिल्म के निर्देशन की कमान विवेक दासचौधरी ने संभाली है, वहीं राजकुमार खुद इस फिल्म का निर्माण करेंगे। कहा जा रहा है कि इस फिल्म में सीमा पाहवा और अभिषेक बनर्जी जैसे कलाकार भी अभिनय करते नजर आएंगे। सान्या और राजकुमार कल यानी 2 दिसंबर से फिल्म की शूटिंग शुरू करने वाले हैं।

### नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी फिल्म

रिपोर्ट में दावा किया गया है कि राजकुमार और सान्या की यह फिल्म सिनेमाघरों में नहीं, बल्कि OTT प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। मुंबई के एक स्टूडियो में फिल्म की शूटिंग के लिए एक भव्य सेट बनाया गया है, जिसमें निर्माता सान्या और राजकुमार के किरदारों के कुछ दृश्यों को फिल्माएंगे। इसके अलावा खबर है कि राजकुमार ने एक डॉर्क कॉमेडी फिल्म के लिए 'सेक्टर 36' के निर्देशक आदित्य निंबालकर के साथ हाथ मिलाया है।

# जापान में धमाल मचा रही 'जवान'



शाहरुख खान की फिल्म 'जवान' को 7 सितंबर, 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। यह फिल्म बीते साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक है। भारत में धूम मचाने के बाद 'जवान' को 29 नंवबर को जापान में रिलीज किया गया, जहां लोगों से इस फिल्म को खूब प्यार मिल रहा है और यह बॉक्स ऑफिस पर भी अच्छा प्रदर्शन कर रही है। अब शाहरुख ने जापान के प्रशंसकों का आभार व्यक्त किया है। शाहरुख ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर एक वीडियो पर प्रतिक्रिया देते हुए लिखा, 'मैं जापान से मिल रही प्यार भरी प्रतिक्रियाओं के बारे में पढ़ रहा था...सभी का धन्यवाद। उम्मीद है कि आप इस फिल्म का आनंद लेंगे। हमने यह फिल्म भारत से दुनिया के लिए बनाई है। मुझे खुशी है कि यह हर जगह पसंद की जा रही है। जापान में इसे देखने वाले सभी को मेरा प्यार और धन्यवाद।' 'जवान' को आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

# 'पीलिंग्स' में अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना ने किया जबरदस्त डांस



अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'पुष्पाः द रूल' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। यह 2021 में आई फिल्म 'पुष्पाः द राइज' का सीक्वल है, जो बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुआ था। 'पुष्पाः द रूल' 5 दिसंबर, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। अब इससे पहले निर्माताओं ने फिल्म का नया गाना 'पीलिंग्स सॉन्ग' जारी कर दिया है, जिसे जावेद अली और मधुबंती बागची ने मिलकर गाया है। 'पीलिंग्स सॉन्ग' में अल्लू और रश्मिका जबरदस्त डांस करते हुए नजर आ रहे हैं। दोनों की केमिस्ट्री ने प्रशंसकों का दिल जीत लिया है। 'पुष्पाः द रूल' के निर्देशन की कमान सुकुमार कर रहे हैं। पहले भाग का निर्देशन भी उन्होंने ही किया था। दिग्गज अभिनेता फहद फासिल भी इस फिल्म में अभिनय करते हुए नजर आएंगे। 'पुष्पाः द रूल' को आप हिंदी के साथ तमिल, तेलुगु, मलयालम, बंगाली और कन्नड़ भाषाओं में देख पाएंगे।

न्यूज़ ब्रीफ

## आप विधायक नरेश बालियान को 2 दिन की पुलिस रिमांड



**नई दिल्ली।** AAP विधायक नरेश बालियान को अदालत ने 2 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। उन्हें पिछले साल दर्ज जबरन वसूली के एक मामले में शनिवार को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने नरेश बालियान को रविवार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया, जहां से अदालत ने उनको 2 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया। पेशी से लाते वक्त बालियान से संवाददाताओं से कहा कि दिल्ली में चुनाव है। सब चुनाव का चक्कर है।

## केंद्र पर मतदाता संख्या बढ़ाने संबंधी याचिका पर आज सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट सोमवार को उस जनहित याचिका पर सुनवाई करेगा, जिसमें प्रत्येक मतदान केंद्र पर मतदाताओं की अधिकतम संख्या 1,200 से बढ़ाकर 1,500 करने के निर्वाचन आयोग के फैसले को चुनौती दी गई है। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ इस मामले की सुनवाई करेगी। याचिका में इंदु प्रकाश सिंह की ओर से अगस्त 2024 में निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दो निर्देशों को चुनौती दी है। निर्देशों में प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में प्रति मतदान केंद्र पर मतदाताओं की संख्या बढ़ाने की बात कही गई है। सिंह ने दलील दी है कि प्रति मतदान केंद्र मतदाताओं की संख्या बढ़ाने का निर्णय मनमाना है और किसी भी डाटा पर आधारित नहीं है।

## गैंबलिंग रैकेट का पर्दाफाश, 30 जुआरी गिरफ्तार


**नई दिल्ली।** कार्यालय संवाददाता प्रीत विहार पुलिस ने इलाके में चल रहे एक गैंबलिंग रैकेट का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने छापेमारी कर 30 लोगों को जुआ खेलते हुए रंगे हाथ दबोचा है। पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त अपूर्वा गुप्ता ने बताया कि गत 28 नवंबर को पेट्रोलिंग टीम को गश्त के दौरान झुग्गी संख्या एक, राधू प्लेस के प्रथम तल पर गैंबलिंग रैकेट के संचालन की गुप्त सूचना मिली। सूचना के बाद पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर छापेमारी की और योजनाबद्ध तरीके से 30 जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया। सभी आरोपी मजदूर व रिक्शा चालक इत्यादि हैं। मौके से पुलिस को 15 हजार नकद, 362 ताश के पत्ते और 10 सट्टा पेपर बरामद किए हैं। पुलिस पकड़े गये आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

## प्रधानमंत्री ने बीएसएफ को स्थापना दिवस की बधाई दी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के स्थापना दिवस पर इसकी सराहना करते हुए कहा कि यह साहस, समर्पण और असाधारण सेवा का प्रतीक है। मोदी ने 'एक्स पर एक पोस्ट में कहा, सीमा सुरक्षा बल को उसके स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं! बीएसएफ साहस, समर्पण और असाधारण सेवा का प्रतीक है। उसकी सतर्कता और साहस का हमारे देश की सुरक्षा व संरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान है।

# 'तीन से अधिक बच्चों को पैदा की जरूरत'

## मोहन भागवत के बयान पर मचा घमासान



### विपक्ष ने उठाए सवाल

एजेंसी । नई दिल्ली

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने जनसंख्या में गिरावट को लेकर चिंता व्यक्त की। उन्होंने आधुनिक जनसंख्या विज्ञान का हवाला देते हुए बताया कि जब किसी समाज की जनसंख्या (प्रजनन दर) 2.1 से नीचे चला जाता है तो वह समाज धीरे-धीरे पृथ्वी से लुप्त होने की कगार पर होता है। भागवत ने आगे कहा कि दो से ज्यादा बच्चे पैदा करने की आवश्यकता है। हालांकि, उनके इस बयान पर विपक्ष ने प्रतिक्रिया दी।



### भागवत के बयान पर विपक्ष ने दी प्रतिक्रिया

मोहन भागवत के बयान पर समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रवक्ता फखरुल हसन चांद नने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ समय से मोहन भागवत जो कुछ कहते हैं, उससे भाजपा को असहज हो जाती है। पिछली बार भी जब मोहन भागवत ने कहा था कि हर मस्जिद में मंदिर क्यों ढूंढना, तब भी भाजपा के पास कोई जवाब नहीं था। भाजपा पूरे देश की जनसंख्या को लेकर राजनीति कर रही है।

### आरएसएस प्रमुख ने क्या कहा?

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा, 'जनसंख्या में गिरावट चिंता का विषय है। आधुनिक जनसंख्या विज्ञान कहता है कि जब किसी समाज की जनसंख्या (प्रजनन दर) 2.1 से नीचे चली जाती है तो वह समाज पृथ्वी से लुप्त हो जाता है। संकट न होने पर भी वह समाज नष्ट हो जाता है। इस तरह अनेक भाषाएं और समाज नष्ट हो गए। जनसंख्या 2.1 से नीचे नहीं जानी चाहिए। हमारे देश की जनसंख्या नीति 1998 या 2002 में तय की गई थी। इसमें यह भी कहा गया है कि किसी समाज की जनसंख्या 2.1 से कम नहीं होनी चाहिए। जनसंख्या विज्ञान का कहना है कि हमें दो या तीन से अधिक बच्चे पैदा करने की आवश्यकता है। समाज को जीवित रखने के लिए संख्या महत्वपूर्ण है।'

## कटक में बुजुर्ग महिला से ठगे गए 2.3 करोड़ रुपए

एजेंसी । कटक



ओडिशा के कटक में एक प्राइवेट बैंक के रिलेशनशिप मैनेजर को एक बुजुर्ग महिला के खाते से 2.30 करोड़ रुपए ट्रांसफर करने और फंड ट्रांसफर के बारे में अलर्ट न मिलने के लिए उसका रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर बदलने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। मामले में क्राइम ब्रांच ने एक बयान में कहा कि आरोपी की पहचान खिरोद कुमार नायक के रूप में हुई है, जो एक्सिस बैंक की बादामबाड़ी शाखा में काम करता था।

### हर दिन महिला के घर जाता था आरोपी

आरोपी खिरोद कुमार नायक नियमित रूप से महिला के घर जाता था और उसके मोबाइल फोन का इस्तेमाल करके बैंकिंग लेनदेन में उसकी मदद करता था, क्योंकि महिला फोन के जरिए बैंकिंग सुविधाओं से परिचित नहीं थी। इसी दौरान, आरोपी ने महिला को अधिक रिटर्न पाने के लिए अपने बचत खाते में पड़े धन से एक सावधि जमा खाता खोलने के लिए राजी किया। इस सबके दौरान आरोपी ने कई बार महिला के हस्ताक्षर कराए थे।

### बैंक से महिला को दी गई सूचना पर खुलासा

अपराध शाखा ने बताया कि इस वारदात तब खुलासा हुआ जब बैंक ने महिला को सूचित किया कि उसके खाते से सुमित्रा खुंटिया नाम के व्यक्ति के खाते में पैसे ट्रांसफर किए गए हैं। वहीं बैंक ने यह पाया कि उसके खाते से करीब 2.3 करोड़ रुपए निकाले गए थे और उसे इस बारे में एसएमएस अलर्ट नहीं मिला क्योंकि आरोपी ने कथित तौर पर पंजीकृत मोबाइल नंबर बदल दिया था।

## प. बंगाल में डॉक्टर ने क्लिनिक में लगाया तिरंगा

### मैसेज लिखा- बांग्लादेशी मरीज झंडे को सलाम करें, तभी इलाज होगा

एजेंसी । कोलकाता

बांग्लादेश में हिंदुओं पर लगातार हो रहे हमले के विरोध में पश्चिम बंगाल में कुछ डॉक्टरों ने बांग्लादेशी मरीजों का इलाज करने से इनकार कर दिया है। सिलीगुड़ी में डॉक्टर शेखर बंदोपाध्याय ने अपने प्राइवेट क्लिनिक में तिरंगा लगाया है। डॉक्टर ने झंडे के साथ मैसेज में लिखा- भारत का राष्ट्रीय ध्वज हमारी मां की तरह है। कृपया चैंबर में एंट्री करने से पहले तिरंगे को सलाम करें। खासकर बांग्लादेशी मरीज, अगर वे सलाम नहीं करते हैं, तो उन्हें अंदर आने नहीं दिया जाएगा।

### डॉक्टर बोले, मेरे देश में आकर तिरंगे का सम्मान जरूर करें



डॉक्टर शेखर बंदोपाध्याय उत्तर बंगाल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ENT विभाग में विशेष चिकित्सा अधिकारी के रूप में काम कर रहे हैं। उन्होंने बातचीत में कहा- मुझे यह देखकर दुख हुआ कि बांग्लादेश में हमारे राष्ट्रीय ध्वज का अपमान हो रहा है। एक डॉक्टर के तौर पर मैं मरीजों को मना नहीं करना चाहता, लेकिन जो लोग मेरे देश में आते हैं, उन्हें हमारे झंडे, हमारी मातृभूमि का सम्मान करना चाहिए। ऐसा लगता है कि बांग्लादेश तालिबानी मानसिकता में चला गया है।

### दूसरे डॉक्टर बोले- वे किसी बांग्लादेशी मरीज का इलाज नहीं करेंगे

एक अन्य डॉक्टर, जनरल सर्जन और चाइल्ड स्पेशलिस्ट चंद्रनाथ अधिकारी ने घोषणा की है कि वे अपने प्राइवेट क्लिनिक में किसी भी बांग्लादेशी मरीज का इलाज नहीं करेंगे। डॉक्टर ने कहा, मैं बोलपुर के एक सरकारी अस्पताल से जुड़ा हुआ हूं। वहां, मैं किसी भी मरीज को मना नहीं कर सकता, लेकिन मुझे अपने क्लिनिक में ऐसा करने की आजादी है। मैंने फैसला किया है कि मैं बांग्लादेश के मरीजों को नहीं देखूंगा। मेरा देश पहले आता है। बांग्लादेश में जो कुछ हो रहा है, वह हम सभी के लिए गंभीर चिंता का विषय है।

## आंध्र प्रदेश सरकार ने भंग किया वक्फ बोर्ड

### पुरानी जगन सरकार का आदेश बदला, हाईकोर्ट ने बोर्ड अध्यक्ष के चुनाव पर रोक लगाई थी

एजेंसी । अमरावती

आंध्र प्रदेश के CM चंद्रबाबू नायडू ने स्टेट वक्फ बोर्ड को भंग करने की घोषणा की है। इसका गठन पिछली जगन मोहन की सरकार ने किया था। 30 नवंबर जारी आदेश में मौजूदा सरकार ने पिछली सरकार के दौरान अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के जारी आदेश को रद्द कर दिया। आदेश में कहा गया कि, 'आंध्र प्रदेश वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष के चुनाव पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी थी। उसी समय राज्य वक्फ बोर्ड के गठन के 2023 के सरकारी आदेश की संवैधानिकता को चुनौती देने वाले पेंडिंग केस के कारण एक प्रशासनिक शून्यता पैदा हो गई थी। अब राज्य में नए सिरे से वक्फ बोर्ड क गठन किया जाएगा।'



### कानून मंत्री बोले- वक्फ प्रोपर्टी की सेफ्टी को बढ़ावा देना मोटिव

आंध्र प्रदेश के कानून एवं न्याय, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री एन मोहम्मद फारूक ने कहा- नए आदेश जीओ-75 का उद्देश्य वक्फ बोर्ड में शासन संबंधी शून्यता को दूर करना है। सरकार के नए निर्देश के तहत वक्फ प्रोपर्टी की सेफ्टी और अल्पसंख्यक कल्याण को बढ़ावा देने के लिए जिम्मेदार है।

### जगन सरकार ने 2023 में किया था वक्फ बोर्ड का गठन

जगन सरकार में 21 अक्टूबर 2023 को वक्फ बोर्ड का गठन हुआ था। शेख खाजा (मुतवल्ली), विधायक हफीज खान और MLC रूहुल्लाह को वक्फ बोर्ड का सदस्य बनाया गया था। 8 अन्य को वक्फ बोर्ड का मेंबर नॉमिनेट किया गया था। हालांकि, शेख खाजा के चुनाव और वक्फ बोर्ड के गठन के लिए जारी किए गए गर्वमेंट ऑर्डर (GO) 47 की वैधता को कई रिट याचिकाओं में हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी। GO को चुनौती देने वाली और नॉमिनेट मेंबर्स में एक के खिलाफ विशेष विवाद उठाने वाली याचिकाओं पर विचार करते हुए हाईकोर्ट ने अध्यक्ष के चुनाव पर रोक लगा दी थी। अदालत ने ये भी स्पष्ट किया है कि सदस्य का चुनाव रिट याचिकाओं के अंतिम फैसले आने पर तय होगा। जब तक याचिकाएं पेंडिंग रहेंगी, वक्फ बोर्ड बिना अध्यक्ष के रहेगा।

### निजी जासूस से जानकारी हासिल करने के लिए

## अमेरिका को औपचारिक अनुरोध भेजेगी सीबीआई

एजेंसी । नई दिल्ली

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) जल्द ही बोफोर्स मामले में निजी जासूस माइकल हर्शमैन से जानकारी हासिल करने के लिए अमेरिका को एक औपचारिक अनुरोध भेजेगा। हर्शमैन ने 1980 के दशक में हुए 64 करोड़ रुपए के कथित बोफोर्स रिश्वत घोटाले के बारे में अहम जानकारी भारतीय एजेंसियों के साथ साझा करने की इच्छा जाहिर की थी। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। सीबीआई ने एक विशेष अदालत को इस घटनाक्रम की जानकारी दी है, मामले की जांच के लिए एजेंसी की याचिका पर सुनवाई कर रही है। अधिकारियों के मुताबिक, इस साल अक्तूबर में लेटर रोगेटरी (एलआर) की प्रक्रिया शुरू हुई और अमेरिका को औपचारिक अनुरोध भेजने में तीन महीने लग सकते हैं। एलआर का मकस कथित रिश्वत कांड की आगे की जांच के लिए सूचना हासिल करना है।




## रक्षा प्लेटफॉर्म को एआई से लैस करेगा डीआरडीओ

एजेंसी । नई दिल्ली

नई रक्षा तकनीकों में कृत्रिम बुद्धिमता एवं मशीन लर्निंग का इस्तेमाल बढ़ रहा है। इसी के मद्देनजर रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) इसके कई नए पहलुओं पर भी काम कर रहा है। इसके तहत मौजूदा रक्षा प्लेटफॉर्म में एआई के इस्तेमाल की योजना तैयार की जा रही है। इनके भीतर इस्तेमाल होने वाली डिवाइसों को एआई व मशीन लर्निंग से लैस बनाया जाएगा। इससे प्लेटफॉर्म की क्षमताओं को कई गुना तक बढ़ा पाना संभव होगा। डीआरडीओ ने कई रक्षा प्लेटफॉर्म विकसित किए हैं, जिनमें चिप का इस्तेमाल होता है। काफी हद तक ये स्वचालित होते हैं। ऐसे प्लेटफॉर्म में एआई और मशीन लर्निंग का भी इस्तेमाल किया जा सकता है। कोशिश यह की जा रही है कि चिप आधारित डिवाइसों, जो मूलतः सॉफ्टवेयर आधारित होती हैं, उन्हें एआई और मशीन लर्निंग से लैस किया जाए। हाल में डीआरडीओ ने इस पर एक उच्च कार्यशाला का भी आयोजन किया। इस दौरान शीर्ष विशेषज्ञों के विचारों को सुना।




### डीएलआरएल कर रहा काम

डीआरडीओ सूत्रों के अनुसार डिफेंस इलेक्ट्रॉनिक रिसर्च लेबोरेटरी (डीएलआरएल), हैदराबाद इस विषय पर काम कर रहा है। सूत्रों ने कहा कि इस योजना के दो फायदे हैं। एक मौजूदा रक्षा प्लेटफॉर्म को एआई तकनीकों से लैस कराना और दूसरे भविष्य में एआई से लैस प्लेटफॉर्म का निर्माण करना। हालांकि, यह प्रयोग किन-किन मौजूदा फ्लेटफॉर्म पर सफल होगा, इसका अभी आकलन नहीं किया गया है लेकिन डीआरडीओ का मानना है कि इससे टैंकों, मिसाइलों, राडारों आदि को कहीं ज्यादा सक्षम बनाया जा सकता है।

## बृजभूषण की क्लोजर रिपोर्ट पर फैसला फिर टला



**नई दिल्ली।** पटियाला हाउस कोर्ट ने भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर दर्ज पॉक्सो मामले में दिल्ली पुलिस की क्लोजर रिपोर्ट पर फैसला फिर टाल दिया। एडिशनल सेशन जज गोमती मनोचा के उपलब्ध न होने की वजह से फैसला टला है।

### अब 16 जनवरी को सुनवाई

कोर्ट ने क्लोजर रिपोर्ट पर फैसला 16 जनवरी, 2025 के लिए सूचीबद्ध किया। इसके पहले 27 सितंबर, 20 मई, 23 अप्रैल, 2 मार्च, 11 जनवरी और 25 नवंबर 2023 को कोर्ट ने फैसला टाल दिया था। कोर्ट ने एक अगस्त 2023 को फैसला सुरक्षित रख था। करीब डेढ़ साल बीत जाने के बाद भी मामले में फैसला नहीं सुनाया गया है। सुनवाई के दौरान पीड़ित नाबालिग पहलवान और उसके पिता ने पुलिस जांच पर संतोष जताते हुए बयान दर्ज कराए थे। बता दें कि 15 जून, 2023 को दिल्ली पुलिस ने पटियाला हाउस कोर्ट ने रिपोर्ट दाखिल कर पूर्व भाजपा सांसद बृजभूषण को क्लीन चिट दे दी थी।

**नियम** ट्राई ने ओटीपी आधारित एसएमएस सत्यापन को लागू करने की समयसीमा को फिर बढ़ाया

# फर्जी मोबाइल संदेश 11 दिसंबर से हर हाल में रोकने होंगे

एजेंसी । नई दिल्ली

भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने ओटीपी आधारित एसएमएस सत्यापन को लागू करने की समयसीमा को एक बार फिर बढ़ा दिया है। ट्राई ने फिर दूरसंचार कंपनियों और अन्य पक्षों को अंतिम मौका देते हुए नए नियमों को लागू करने के लिए 10 दिसंबर तक का वक्त दिया है। प्राधिकरण ने साफ कर दिया है कि फर्जी एसएमएस और कॉल को 11 दिसंबर से हर हाल में रोकना होगा। दरअसल, ट्राई ने इसी साल अगस्त में 'मैसेज ट्रेसिबिलिटी नियम लाने का ऐलान किया था, जिसे एक दिसंबर से लागू होना था। यह नियम खासतौर पर फर्जी और अंपजीकृत एसएमएस को रोकने के लिए बनाया गया है। लेकिन दूरसंचार कंपनियों और अन्य संस्थाओं की तैयारियों की कमी के चलते इसे कई बार टाला जा चुका है। अब इसे लागू करने की समयसीमा 11 दिसंबर कर दी गई है। ट्राई ने टेलीमार्केटर्स और अन्य संबंधित संस्थाओं को निर्देश दिए हैं कि वे जल्द से जल्द अपने सिस्टम को अपडेट करें।



### सभी पक्षों के साथ संवाद

ट्राई ने इस नियम को जल्द से जल्द लागू करवाने के लिए आरबीआई, सेबी, पेंशन फंड नियामक पीएफआरडीए और बीमा नियामक इरडा समेत विभिन्न क्षेत्रीय नियामकों के साथ-साथ केंद्र और राज्य सरकार के विभागों और अन्य संगठनों के साथ संवाद किया है। इसके अलावा वेबिनार भी आयोजित किए, जिसमें सभी सेवा प्रदाता कंपनियों, प्रमुख नियामकीय संस्थाओं (पीई) और टेलीमार्केटिंग कंपनियों (टीएमएस) ने शिरकत की। इसके जरिए 27 हजार से संस्थाओं और टेलीमार्केटर्स को सेवा प्रदाता कंपनियों के साथ पंजीकृत किया जा चुका है।

### टेलीमार्केटिंग कंपनियों को चेतावनी जारी

दूरसंचार सेवा प्रदाता कंपनियों ने उन नियामकीय संस्थाओं और टेलीमार्केटिंग कंपनियों को चेतावनी नोटिस जारी किए हैं, जिन्होंने अब तक आवश्यक परिवर्तन लागू नहीं किए हैं। ट्राई ने स्पष्ट कहा है कि 11 दिसंबर 2024 से किसी भी ऐसे मैसेज को स्वीकार नहीं किया जाएगा, जिसमें टेलीमार्केटिंग कंपनियों ने निर्धारित नंबर सीरीज का इस्तेमाल नहीं किया होगा। निर्धारित सीरीज को प्राप्त करने के लिए दूरसंचार सेवा प्रदाता कंपनियों के साथ पंजीकरण करना जरूरी है।

### फर्जी मैसेज की आसानी से होगी पहचान

ट्राई ने दूरसंचार सेवा प्रदाता कंपनियों को निर्देश दिया है कि वे उन सभी संस्थानों और कंपनियों को पंजीकृत करें, जो ओटीपी एवं अन्य जरूरी जानकारियां ग्राहकों को एसएमएस के जरिए उपलब्ध कराती हैं। साथ ही वे बैंक, ई-कॉमर्स कंपनियों और वित्तीय संस्थान से आने वाले ऐसे सभी एसएमएस, यूआरएल लिंक और ओटीटी लिंक की पहचान कर ब्लॉक करें, जो श्वेत सूची में शामिल नहीं हैं। नए नियम से फर्जी कॉल और मैसेज को पहचानना आसान हो जाएगा। अगर कंपनी का पंजीकरण नहीं हुआ है तो अवैध सीरीज वाले एसएमएस स्वचालित तरीके से ब्लॉक हो जाएंगे।

## चेन्नई एयरपोर्ट पर लैंडिंग के दौरान फिसला विमान

### पायलट की मुस्तैदी से टला बड़ा हादसा

एजेंसी । चेन्नई

तमिलनाडु में चक्रवाती तूफान फेंगल के कारण रेड अलर्ट जारी किया गया है। इस बीच चेन्नई एयरपोर्ट पर एक विमान की लैंडिंग के दौरान एक बड़ा हादसा होने से टल गया। दरअसल लैंडिंग के दौरान जैसे ही विमान ने रनवे को छुआ, वैसे ही फिसलने लगा। इस मौके पर पायलट ने मात्र 2-3 सेकेंड में फ्लाइट को हवा में उड़ा लिया। जिससे विमान एयरपोर्ट पर क्रैश होने से बच गया।

### तमिलनाडु में 20 से ज्यादा उड़ानें रद्द

विमान के लैंडिंग और फिसलने का वीडियो भी सामने आया है। बता दें कि तमिलनाडु में चक्रवाती तूफान फेंगल के कारण मौसम खराब होने से 20 से ज्यादा घरेलू विमान की उड़ानें रद्द कर दी गई थी और 25 से ज्यादा विमानों में देरी हुई थी।



### पायलट ने किया गो-अराउंड का शानदार प्रदर्शन

इस वीडियो में आप देख सकते हैं कि विमान रनवे को छूने के बाद थोड़ा असंतुलित सा होता है, लेकिन इसके तुरंत बाद पायलट ने अपनी क्षमता का प्रदर्शन करते हुए वापस विमान को हवा में उड़ा दिया। एयरलाइंस की भाषा में इसे गो-अराउंड कहा जाता है। यह स्थिति तब अपनाई जाती है जब लैंडिंग सुरक्षित रूप से पूरी नहीं की जा सकती।

### चेन्नई में दिखा फेंगल का असर

तमिलनाडु की राजधानी में चक्रवाती तूफान फेंगल का बड़ा असर देखने को मिला है। बता दें कि पुडुचेरी में फेंगल के लैंडफॉल के बाद क्षेत्रीय इलाकों में भारी बारिश और तेज हवा के कारण मौसम विकराल स्थिति में है। भारत मौसम विज्ञान विभाग की जानकारी के मुताबिक, करीब 90 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से पुडुचेरी की तटों से टकराने के बाद फेंगल की रफ्तार धीरे-धीरे कमजोर पड़ गई है।